


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 16 अंक - 12 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




## खास-खबर

### आज होगा चैंपियनशिप का आगाज 20 राज्यों की टीमें लेंगी हिस्सा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पहली बार नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस बीच रायपुर में गोल्फ का एक अलग रोमांच दिखेगा। चैंपियनशिप का आज से आगाज होगा। जिससे छत्तीसगढ़ मे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। चैंपियनशिप की शुरुआत कैडी टूर्नामेंट से होगी। जिसमें देश की 20 राज्यों की टीमें इसमें हिस्सा लेगी। इसके साथ ही नवा रायपुर के गोल्फकोर्स की पहचान बनेगी। इसके पहला पुरस्कार 10 लाख रुपये व ट्रॉफी दिया जाएगा, वहीं रनरअप को 6 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। बता दें कि छग टीम में मुख्य सचिव अमिताभ जैन इस बीच खेलतें नजर आयेंगे। इसके साथ ही IFS अनिल राय, एसएस बजाज व राजेश अग्रवाल भी मैदान में नजर आएंगे। इस चैंपिनयशिप में साय सरकार की सहभागिता है। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इसके समापन कार्यक्रम में विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे।

# बाबा के भेष में बच्चों को अगवा करने की कोशिश

## लोगों ने किया पुलिस के हवाले, खुर्सीपार थाना क्षेत्र के गणेश मंदिर के पास की घटना



### लोगों की मदद से लिया हिरासत में

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाबा के भेष में बच्चे को अगुवा करने का प्रयास किया गया। बच्चे ने बताया कि वह अपने पिता को टिफिन देने दोपहर में जाता है। गुरुवार को करीब 12 बजे के आसपास वह इस काम से ही निकला था, तब यह हादसा हुआ है। इसकी सूचना खुर्सीपार पुलिस को दी गई। तब पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों ही बाबा को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों बाबाओं से अभी पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में जब साफ होगा कि दोनों ने यह कृत्य किया है, तब अपराध दर्ज किया जाएगा।

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**भिलाई।** शहर में बच्चा चोरी की कोशिश का मामला सामने आया है। गुरुवार की सुबह खुर्सीपार गणेश मंदिर के पास बाबा के भेष में दो लोग बच्चे को अगुवा करने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान लोगों की नजर पड़ी और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने भारी हंगामे के बीच पुलिस ने दोनों बाबाओं को हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि इस दौरान लोग काफी गुस्से में थे।

मिली जानकारी के अनुसार खुर्सीपार के गणेश मंदिर के करीब में दो व्यक्ति जो बाबा का रूपधारण करके रखे थे। सड़क से गुजर रहे एक करीब 10 साल के बालक को बिस्कुट देने की कोशिश किए। बच्चे ने लेने से मना कर दिया। तब उन्होंने बच्चे को बोरे में डालने की कोशिश किया। बच्चा चिल्लाने लगा। बच्चे की आवाज सुनकर कुछ लोग वहां पर पहुंच गए। तब बच्चे ने सारी कहानी बताई। तब तक दोनों बाबा वहां से भाग निकले। खुर्सीपार पुलिस को जब इसकी सूचना मिली, तो उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर दोनों को हिरासत में लिया।

### तेजी से फैली बच्चा चोरी की खबर

बाबाओं द्वारा बच्चा चोरी की खबर खुर्सीपार में यह खबर तेजी से फैल गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए थे। खुर्सीपार में इस तरह की अफ़्वाह तेजी से फैलती है। इस वजह से जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक इस मामले को बच्चा चोर गिरोह या बच्चा अगवा करने वाले सक्रीय हो गए हैं। फ़िलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है और जांच के बाद ही आगे कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी विधानसभा उपचुनावः सूची जारी करहल से अनुजेश को मिला टिकट

**नोएडा (एजेंसी)।** भाजपा ने उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा उप चुनावों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में सात उम्मीदवारों के नाम हैं। भाजपा ने करहल सीट पर लालू यादव के दामाद और अखिलेश यादव के भतीजे तेज प्रताप यादव के सामने अनुजेश यादव को टिकट दिया है। भाजपा ने कानपुर की सीसमऊ और मीरापुर सीट पर उम्मीदवारों का एलान नहीं किया है। उम्मीदवारों में कुंदरकी से रामवीर सिंह ठाकुर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, खैर (अजा) से सुरेंद्र दिलेर, करहल से अनुजेश यादव, फूलपुर से दीपक पटेल, कटेहरी से धर्मराज निषाद और मझवां से सुचिस्मिता मौर्या हैं।




उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होंगे। 23 नवंबर को नतीजे आएंगे। बता दें कि यूपी की 10 सीटों पर उपचुनाव होने थे लेकिन कोर्ट में दायर याचिका की वजह से मिल्कीपुर में उपचुनाव की तारीख का एलान नहीं किया गया था। ऐसे में अब नौ सीटों पर ही चुनाव होंगे।

इन सीटों पर होने हैं उपचुनाव

यूपी में नौ विधानसभा सीटों करहल (मैनपुरी), सीसामऊ (कानपुर), कटेहरी (अंबेडकरनगर), कुंदरकी (मुरादाबाद), खैर (अलीगढ़), गाजियाबाद, फूलपुर (प्रयागराज), मझवा (मिर्जापुर) और मीरापुर (मुजफ्फरनगर) पर उपचुनाव होने हैं। सीसामऊ सीट सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा होने से रिक्त हुई है जबकि 9 विधायक, लोकसभा सदस्य बन चुके हैं। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में करहल सीट पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जीत दर्ज की थी। लेकिन 2024 में अखिलेश यादव कन्नौज से सांसद चुने गए। इसके बाद करहल सीट खाली हो गई थी।

अनुजेश सांसद धर्मेंद्र यादव के सगे बहनोई हैं। धर्मेंद्र यादव की बहन संध्या उर्फ बेबी यादव 2015 से 2020 तक मैनपुरी से जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं। वहीं अनुजेश भी फिरोजाबाद से इसी कार्यकाल में जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। फिरोजाबाद के गांव भारौल निवासी अनुजेश प्रताप यादव अब सपा प्रत्याशी मुलायम सिंह यादव के पौत्र तेजप्रताप से करहल में दो-दो हाथ करेंगे। ऐसे यहां मुकाबला सैफई परिवार और रिश्तेदार के बीच होगा।

### भाजपा ने मुलायम सिंह यादव के दामाद को घोषित किया प्रत्याशी

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में करहल सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा ने प्रत्याशी घोषित कर दिया है। मुलायम सिंह यादव के दामाद और सांसद धर्मेंद्र यादव के सगे बहनोई अनुजेश यादव को भाजपा ने टिकट दिया है। टिकट घोषित होने के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है। करहल उप चुनाव के बृहस्पतिवार को सुबह भाजपा ने टिकट की घोषणा कर दी। यहां भाजपा का मुकाबला सीधे सैफई परिवार से है। ऐसे में सैफई परिवार के रिश्तेदार को ही भाजपा ने मैदान में उतार दिया है। भाजपा ने इस बार मुलायम सिंह यादव के दामाद (भतीजी संध्या यादव के पति) अनुजेश प्रताप यादव को मैदान में उतारा है।

# चक्रवात 'दाना' का असर, अब बदलेगा मौसम, दो दिन तक बारिश के आसार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों ठंड महसूस होने लगा है। प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन जारी है। इसके साथ ही चक्रवात 'दाना' मध्य-पूर्व बंगाल की खाड़ी में स्थित है। इसके प्रभाव से 25 से 27 अक्टूबर तक प्रदेश के विभिन्न इलाकों में बारिश के आसार हैं। साथ ही तूफानी हवाएं चलने के भी संभावना है। प्रदेश में धीरे-धीरे मौसम का मिजाज बदल रहा है। सुबह और रात के समय ठंडक महसूस हो रही है, वहीं दोपहर में गर्मी का असर देखने को मिल रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवात 'दाना' मध्य-पूर्व बंगाल की खाड़ी में स्थित है। इसके प्रभाव से 25 से 27 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़ में हल्की माध्यम बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही 25 और 26 अक्टूबर को उत्तर-मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में 20-30 किमी प्रति घंटे के रफ्तार से तूफानी हवाएं चलने की संभावना है। जो बढ़कर 40 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। इसके प्रभाव से प्रदेश में बारिश के आसार हैं। साथ ही एक दो जगहों पर तेज हवाएं चल सकती है।

मौसम एक्सपर्ट के अनुसार, चक्रवाती तूफान 'दाना' मध्य-पूर्व और उससे सटे मध्य-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित है। इसके उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और आज की सुबह उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक प्रचंड चक्रवाती तूफ़ान में बदलने की संभावना है। इसके बाद 24 की रात और 25 अक्टूबर की सुबह पूरी और सागर द्वीप के मध्य के क्षेत्र को एक प्रचंड चक्रवाती तूफान के रूप में पार करने की संभावना है। इस दौरान क्षेत्र में 100-100 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चल सकती है।

चक्रवात 'दाना' के प्रभाव से प्रदेश में बारिश होने की संभावना है। साथ ही एक-दो जगहों पर तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसके दो बाद भी प्रदेश में हल्की मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक और वज्रपात की संभावना है। आज प्रदेश के एक-दो जगह पर छीटें पड़ सकती है। वहीं बीते दिनों बुधवार को प्रदेश में मौसम शुष्क रहा। तड़के की सुबह और रात के समय ठंड महसूस हुई है। हालांकि दोपहर में गर्मी बरकरार है।

# कल छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रही हैं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क



**रायपुर।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर कल छत्तीसगढ़ आ रही हैं, 25 और 26 अक्टूबर को रायपुर में रहेंगी। राष्ट्रपति के छत्तीसगढ़ दौरे पर रायपुर और दुर्ग हाईअलर्ट पर है, IG अमरेश सुरक्षा की कमान संभालेंगे। इस दौरान उनके सुरक्षा में एक हजार से अधिक जवान तैनात रहेंगे। यहां वे आधा दर्जन कार्यक्रमों में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के दो दिवसीय दौरे का मिनट टू मिनट कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन ने पहले ही राज्य सरकार को भेज दिया था, जिसे राज्य सरकार ने जारी कर दिया है।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 25 अक्टूबर को सुबह 11 बजे: राष्ट्रपति का रायपुर एयरपोर्ट पर आगमन होगा, सुबह 11:30 बजे: रायपुर एम्स के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी, दोपहर 1 बजे: एम्स से रवाना होकर राजभवन पहुंचेंगी, दोपहर 3 बजे: NIT रायपुर के 14वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। शाम 4:30 बजे: नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में स्थानीय आदिवासियों से मुलाकात करेंगी, शाम 6 बजे: राजभवन लौटेंगी और रात्रि विश्राम करेंगी। वहीं 26 अक्टूबर 2024 को सुबह 9 बजे: विवेकानंद सरोवर, रायपुर का दौरा करेंगी, सुबह 10 बजे: रायपुर एयरपोर्ट से भिलाई के लिए प्रस्थान होंगी, सुबह 11 बजे: IIT भिलाई के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी, दोपहर 1:30 बजे: भिलाई से वापस रायपुर स्थित राजभवन लौटेंगी। दोपहर 3:30 बजे: पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति चिकित्सा एवं आयुष विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी और शाम 5 बजे: दीक्षांत समारोह के बाद दिल्ली के लिए रायपुर एयरपोर्ट से प्रस्थान करेंगी।

# सिर्फ दो घंटे फोड़ सकेंगे पटाखे शासन ने जारी की एडवाइजरी

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** राज्य शासन ने पटाखों को लेकर एडवाइजरी जारी की है। साथ ही प्रशासनिक महकमे को कुछ निर्देश भी दिए हैं। इसमें हरित पटाखों का ही विक्रय एवं उपयोग किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व तथा नया वर्ष/क्रिसमस के लिए उच्चतम न्यायालय तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश पर यह आदेश जारी किया गया है।

पूरे छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में केवल हरित पटाखों का उपयोग एवं विक्रय ही हो सकेगा। साथ ही दीपावली, छठ, गुरू पर्व, नया वर्ष/ क्रिसमस के अवसर पर पटाखों को फोड़ने के लिए दो घंटे की अवधि निर्धारित की गई है। उच्चतम न्यायालय तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की मार्गदर्शिका के मुताबिक, पटाखों के उपयोग के संबंध में निर्देशों का कड़ाई से पालन करने जिला प्रशासन के अधिकारियों को



निर्देशित किया है।

दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व, नया वर्ष/क्रिसमस के मौके पर दो घंटे की अवधि पटाखे फोड़ने के लिए निर्धारित की गई है। दीपावली के लिए रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक, छठ पूजा के लिए सुबह छह बजे से सुबह 8 बजे तक, गुरु पर्व के लिए रात 8 बजे से रात 10 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। क्रिसमस/नया वर्ष के लिए रात्रि 11 बजकर 55 मिनट से रात्रि 12 बजकर 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया है।

उच्चतम न्यायालय द्वारा 23 नवंबर 2018 को पारित आदेश के मुताबिक, पटाखों के उपयोग के संबंध में कुछ अन्य निर्देश भी दिए गए हैं। इनमें कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखों की बिक्री केवल लाइसेंस्ड ट्रेडर द्वारा किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही केवल उन्हीं पटाखों को उपयोग के लिए बाजार में बेचा जा सकेगा जिनसे उत्पन्न ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण प्रतिबंधित किया गया है।

पटाखों के ऐसे निर्माताओं का लाइसेंस भी रद्द करने के निर्देश दिए गए हैं, जिनके द्वारा पटाखों में लीथियम, आर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया है। आनलाइन अर्थात ई-व्यापारिक वेबसाइटों जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजान आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। उक्त निर्देशों के कड़ाई से पालन के निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए हैं।

# महिला पहलवानों ने चखा मीडिया का स्वाद

श्रीकंचनपथ




कभी समाचार पत्र हाथ से लिखे जाते थे और खुद ही चलकर बांटे जाते थे। छापा खाना आने के बाद छपाई शुरू हुई। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अखबार चोरी छिपे बांटे जाते थे। पर अब सोशल मीडिया का जमाना है। मीडिया से पहले ही खबर यहां ब्रेकिंग हो जाती हैं। जिसके भी हाथ में इंटरनेट से लैस मोबाइल फोन हो वह जब चाहे पत्रकार बन सकता है। खबरों को लेकर बहुत मारा-मारी है। तिल का ताड़ बनाने वालों ने इसे और बढ़ा दिया है। लोग बोलते कुछ हैं और वायरल कुछ और हो जाता है। एक गलती ओलम्पियन पहलवान साक्षी मलिक से भी हो गई। उनकी किताब का उद्देश्य विभिन्न अवस्थाओं में लड़कियों एवं महिलाओं के यौन शोषण का मामला उठाना था। उन्होंने बताया कि किस तरह बचपन में ट्यूशन पढ़ाने वाले टीचर ने उन्हें गलत ढंग से छुआ। तब उन्होंने उस छेड़छाड़ को अपनी गलती मानकर चुप्पी साध ली थी। 2012 में कजाकिस्तान के अल्माटी से उन्होंने अपने घर फोन किया था। बातचीत कोच बृजभूषण के कमरे में उनके ही फोन से हुई थी। वो उनके बिस्तर पर बैठी थी। फोन रखने के बाद बृजभूषण ने उसका फायदा उठाने की कोशिश की पर वह उसे धक्का देकर कमरे से बाहर निकल गई। साक्षी उठाना तो चाहती थी बच्चियों तथा महिलाओं पर यौन हमलों का मामला पर मीडिया ने इसे राजनीतिक बना दिया। मीडिया ने भाजपा नेता बबीता फोगाट और कांग्रेस नेता विनेश फोगाट को भी इसमें लपेट लिया। साक्षी ने अपनी किताब ''विटनेस'' में बच्चियों से लेकर महिलाओं तक पर अलग-अलग स्थानों में होने वाले यौन हमलों को उठाने की कोशिश की है। इसी सिलसिले में उन्होंने अपनी आपबीती को भी साझा किया है। पर ऐसे मुद्दों में अब कोई ''किक'' नहीं बचा है। दुधमुंही बच्चियों से लेकर वृद्धाओं तक पर यौन हमले हो रहे हैं, उनकी हत्या हो रही है। पर अब लोगों को इसकी आदत पड़ गई है। अब सड़क हादसे में किसी की मौत की खबर भी विचलित नहीं करती। यह सब तो रोजमर्रा की बातें हैं। मीडिया का काम टीआरपी से चलता है। यह ट्रेंडिंग और ब्रेकिंग न्यूज का दौर है। इसका मुख्य मसाला चुटीले या भड़कीले भाषण हैं। इलेक्ट्रानिक मीडिया नेताओं को टीवी पर बैठाकर लड़वाती है। प्रिंट मीडिया एक घंट के भाषण में से चार लाइनें अपने मतलब की निकाल लेता है। फिर इसे तोड़-मरोड़ कर एक ऐसा रूप दे दिया जाता है कि मूल बात गायब हो जाती है। साक्षी, विनेश और बबीता के साथ भी यही हो रहा है। एक दौर था जब कद्दावर लोग बेतुके सवालों पर ''नो कमेन्ट्स'' कहकर आगे निकल जाते थे। आप हजार तरीके से अपना सवाल दोहरा लो, उधर से कोई टिप्पणी नहीं आती थी। पर अब लोग टिप्पणी करने के लिए मरे जाते हैं। एक्स पर दो विवादास्पद या मजेदार कमेन्ट करो तो चंद घंटों में वह देशभर में वायरल हो जाता है।



## संपादकीय

# तो आकाश है कांग्रेस का मास्टर स्ट्रोक

राजनीति में एक दल ने जो किया है, वैसा दूसरा दल नहीं करता है तो उसे उस दल के नेता मास्टरस्ट्रोक कहते हैं।कांग्रेस ने रायपुर दक्षिण से आकाश शर्मा को भाजपा के सुनील सोनी को हराने लिए इस बार चुना है। सुनील सोनी कई पदों पर काम कर चुके हैं, वह रायपुर नगर के लोगों के जाने पहचाने, जांचे परखे नेता हैं।उनके खिलाफ कांग्रेस किसी पुराने रायपुर के किसी नेता को टिकट दे देती तो वह मास्ट्ररस्ट्रोक थोड़ी न कहा जाता। जब पुराने के सामने नया चेहरा मैदान में उतार दिया जाता है, जब चुनाव लड़ने में अनुभवी बृजमोहन अग्रवाल व सुनील सोनी के सामने कभी चुनाव नहीं लड़ने वाले को उतार दिया जाता है यह मास्टरस्ट्रोक कहा जाता है।

> *दीपक बैज का कहना है कि आकाश शर्मा को तो आलाकमान ने चुना है। हम लोगों ने तो 15 लोगों के नाम भेजे थे, पुराने लोगों के नाम पर सहमति नहीं बनी इसलिए नए चेहरे को मौका दिया गया है।जब तक किसी का नाम सामने नहीं आया था नगर में तो यही चर्चा चल रही थी कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए ब्राम्हण प्रत्याशी ही चुनेगी इसलिए दो ब्राम्हण नेताओं का ही नाम भेजा गया है, एक प्रमोद दुबे,दूसरे आकाश शर्मा। प्रमोद दुबे को इसलिए नहीं चुना गया कि पार्टी के कहने पर एक बार उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया था।*

प्रमोद दुबे के लिए संभवतः यह विधानसभा चुनाव लडने् का आखिरी मौका था और उनको यह मौका नहीं दिया गया। उनको बुरा तो लग रहा होगा,समझने वाले उनके दुख को उनके जारी पोस्ट की शायरी पढ़कर समझ गए हैं।

माना जा रहा है कि आकाश शर्मा को इसलिए चुन लिया गया कि उनके नाम की सिफारिश यहां से की गई थी, एक वजह यह भी बताई जा रही है कि वह भूपेश बघेल के करीबी हैं.कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व गांधी परिवार के करीबी राजेश तिवारी के दामाद हैं। अब तो यह सभी जानते हैं कि गांधी परिवार का जो करीबी होता है, उसे परिवार टिकट देने में मना नहीं करता है, भले ही पार्टी तीसरी बार चुनाव हार जाए।जैसा कि माना जाता है गांधी परिवार ने हरियाणा में किया। मालूम था भाजपा ने नए चेहरे को मौका दिया है फिर भी आलाकमान ने पुराने,अनुभवी,गांधी परिवार के वफादार हुड्डा को मौका दिया। परिणाम क्या हुआ नए चेहरे ने पुराने चेहरे को हरा दिया।

चुनाव भाजपा के जीतने पर इसे भाजपा का मास्टरस्ट्रोक कहा गया था।हो सकता है कि किसी ने आलाकमान के कान में फूंक मारी हो कि हरियाणा में पुराने चेहरे पर दांव लगाए,इसलिए हार गए इसलिए छत्तीसगढ़ में किसी नए चेहरे को मौका दिया जाए तो हम वह सीट जो बरसों से नहीं जीत पाएं है, जीते जाएं।यह बात आलाकमान को पसंद आ गई होगी और अब आकाश शर्मा सुनील सोनी के सामने चुनाव मैदान में हैं।वैसे तो कांग्रेस ने नए चेहरे आकाश शर्मा को चुनकर कोई नया काम नहीं किया है क्योंकि रायपुर दक्षिण से बृजमोहन अग्रवाल को हराने के लिए तो हर बार नए चेहरे का सामने लाती थी, उसे लगता है कि जो एक बार हार गया वह क्या बृजमोहन अग्रवाल को हराएगा। इसलिए जो यहां से एक बार हारा उसे दोबारा कांग्रेस ने रायपुर तो क्या कहीं से टिकट नहीं दिया।जबकि संभावना तो यह भी थी कि पहली बार हारने वाले को दूसरी ही नहीं तीसरी बार मौका देना था क्या पता दूसरी बार में नहीं तो तीसरी बार में वह बृजमोहन अग्रवाल को हरा देता।जैसे स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को हरा दिया था।

वैसे तो बृजमोहन अग्रवाल अपने विधानसभा क्षेत्र के अपराजेय नेता हैं।उनसे जलने वाले कहते हैं कि बृजमोहन अग्रवाल कोई अपराजेय नेता नहीं है, कांग्रेस ही उनको हर बार जिताने के लिए नये चेहरे को मौका देती है।नया चेहरा हार जाता है और बृजमोहन अग्रवाल अपराजेय के अपराजेय बने रहते हैं।इस बार भले ही बृजमोहन अग्रवाल भाजपा के प्रत्याशी नहीं हैं लेकिन वह भाजपा के प्रत्याशी के साथ हैं, बस इतना ही भाजपा प्रत्य़ाशी सुनील सोनी की जीत के लिए काफी माना जा रहा है।कुछ लोग सवाल कर रहे हैं दीवार पिक्चर के अभिताभ बच्चन की तरह, मेरे पास बंगला है, गाड़ी है, पैसा है, तेरे पास क्या है।इसी तरह भाजपा के लोग कह रहे हैं कि सुनील सोनी के साथ सीएम साय हैं, सभी भाजपा नेता हैं, पूरा संगठन हैं, आकाश शर्मा के साथ कौन है, कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज।

आलाकमान ने जय बीरू की जोड़ी को महाराष्ट्र चुनाव में पार्टी को जिताने के काम लगा दिया गया है।इसलिए माना जा रहा है कि छत्तीसगढ़ उपचुनाव जिताने की जिम्मेदारी इस बार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मत्थे डाल दी गई है। कांग्रेस के लिए रायपुर दक्षिण से ज्यादा अहम है महाराष्ट्र जीतना, वहां सरकार बनाना। कांग्रेस एक बार और रायपुर दक्षिण हार भी जाती है तो कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। वह तो यहां हारती ही रही है।लेकिन महाराष्ट्र चुनाव हार गए तो बहुत नुकसान हो जाएगा। राहुल गांधी का कद ऊंचा नहीं रह जाएगा, इसलिए कांग्रेस के तमाम बड़े नेता कांग्रेस को जिताने के लिए महाराष्ट्र में लगा दिए गए, उनकी जिम्मेदारी है कि महाराष्ट्र में राहुल गांधी का कद ऊंचा ही रहना चाहिए।

## नजरिया

# पीएम इंटर्नशिप योजनाः करके सीखने के विचार का लोकतंत्रीकरण

वी. अनंत नागेश्वरन और दीक्षा सुप्याल बिष्ट

कल्पना कीजिए रीना (काल्पनिक नाम) के बारे में, जो देश के तीसरी श्रेणी के एक शहर के एक राज्यस्तरीय विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले एक कॉलेज से वाणिज्य में स्नातक है। उसके कॉलेज में कोई प्लेसमेंट सेल नहीं है और शैक्षणिक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बावजूद, शिक्षा प्राप्ति के बाद के उसके विकल्प सरकारी नौकरी की परीक्षा की तैयारी, पड़ोस के स्कूल में पढ़ाने (जिसके लिए उसके पास योग्यता हो भी सकती है और नहीं भी) या शादी कर लेने तक ही सीमित हैं। कुल मिलाकर, देश के एक तिहाई युवाओं (15–29 वर्ष की आयु के) और आधी से अधिक युवतियों की उपस्थिति शिक्षा, रोजगार या प्रशिक्षण के क्षेत्र में नहीं हैं। यही नहीं, देश के युवाओं का एक बड़ा वर्ग किसी निजी कंपनी द्वारा नौकरी पर रखे जाने से कोसों दूर है। इस संदर्भ में, हाल ही में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) युवा सशक्तीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता द्वारा समर्थित एक बाजार–आधारित और युवाओं द्वारा संचालित समाधान पेश करती है।

पीएमआईएस को युवाओं के एक विशिष्ट समूह को शीर्ष 500 कंपनियों में 12 महीने की इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। कम आय वाले परिवारों के 21–24 वर्ष की आयु और मैट्रिक से लेकर स्नातक तक (आईआईटी स्नातक, सीए, आदि को छोड़कर) की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवा इस योजना के पात्र हैं। यह योजना 5000 रुपये का मासिक स्टाइपेंड प्रदान करती है, जिसे सरकार (4500 रुपये) और कंपनी (500 रुपये) द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित किया जाता है। साथ ही, आकस्मिक व्यय के लिए अतिरिक्त 6000 रूपये भी दिए जाते हैं। इस योजना के प्रायोगिक चरण का लक्ष्य 2024 में 1.25 लाख युवाओं को लाभान्वित करना है, जबकि पांच वर्ष में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप की सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य है। इस योजना के तहत खर्च के लिए कंपनियां अपने सीएसआर फंड का भी उपयोग कर सकती हैं।

लंबे समय से इंटर्नशिप को युवा उम्मीदवारों और नियोक्ताओं के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद एक व्यवस्था के रूप में जाना जाता रहा है। शिक्षा से जुड़े शोधकर्ताओं और शिक्षण से संबंधित वैज्ञानिकों ने कार्य–आधारित शिक्षा के महत्व को पहचाना है। डेविड कोल्ब्स, जॉन डेवी, कर्ट लुईस एवं कई अन्य विद्वानों द्वारा प्रवर्तित अनुभवात्मक शिक्षण से संबंधित दृष्टिकोण, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार श्रमशक्ति के विकास के महत्वपूर्ण साधन साबित हुए हैं। इंटर्नशिप वास्तव में संवाद, सहयोग, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को बेहतर बनाती है।

युवा उम्मीदवारों के लिए, पीएमआईएस के तहत प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप न केवल अवसर हैं बल्कि परिवर्तनकारी अनुभव भी हैं। वे कॉरपोरेट जगत की वास्तविक दुनिया से परिचित कराती हैं, जो देश भर के अधिकांश कॉलेजों में पढ़ाई जाने वाली शिक्षा की अपेक्षाकृत अधिक व्यवस्थित एवं स्थिर दुनिया से काफी भिन्न है। अपने करियर की सर्वोत्तम राह को विकसित करने और पहचानने के अलावा, उम्मीदवार जिम्मेदारी संभालने, समस्या के समाधान, निर्णय लेने, टीम वर्क और समय के प्रबंधन के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी हासिल कर सकते हैं। इंटर्नशिप प्रवेश से संबंधित उन बाधाओं को भी तोड़ देती है, जिससे छोटे शहरों व गांवों के प्रतिभाशाली, ईमानदार और समर्पित युवाओं को भी जूझना पड़ता है। इन बाधाओं में धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना, ई–मेल से जुड़ा शिष्टाचार, कंप्यूटर व एमएस ऑफिस का उपयोग करना या विश्वसनीय एवं सर्वाधिक प्रासंगिक जानकारी के लिए इंटरनेट पर खोज करने जैसी बुनियादी चीजें शामिल हैं। देश के प्रमुख संस्थानों एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में जहां इंटर्नशिप प्रचलन में है, वहीं कैरियर संबंधी परामर्श एवं नौकरी–उन्मुख नेटवर्किंग की कमी के कारण राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में, यह एक असामान्य चीज बनी हुई है। इन्हीं राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में अधिकांश युवा पढ़ते हैं। इस तरह, पीएमआईएस के जरिए बड़े पैमाने पर प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप गैर–मेट्रो शहरों के युवाओं के लिए समान अवसर प्रदान करती है और संभावित प्लेसमेंट के लिए दरवाजे खोलने का काम करती है। व्यक्तिगत स्तर पर, नई मिली आर्थिक आजादी आत्मविश्वास बढ़ाती है और युवा प्रतिभाओं को बेहतर करने और ऊंचे लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित करती है। युवतियों के मामले में, आर्थिक आजादी और आत्म–मूल्य की भावना शादी की उम्र और विवाह के पूर्व की शर्तें जैसी जीवन के फैसलों में बदलाव ला सकती है।

नियोक्ता के लिए, इंटर्नशिप न केवल दीर्घकालिक रोजगार के लिए उम्मीदवार की उपयुक्तता का परीक्षण करने का कम लागत वाला बेहतरीन प्रयोग है, बल्कि कौशल संबंधी अंतर को पाटने और उसके सीएसआर संबंधी उद्देश्यों को पूरा करने का एक रणनीतिक उपकरण भी है। 12 महीनों के दौरान, कंपनी विश्वसनीय रूप से एक प्रशिक्षु के आईक्यू और ईक्यू का आकलन कर सकती है और आत्मविश्वास के साथ प्रवृति के लिए नियुक्ति और कौशल के लिए प्रशिक्षण की बहुप्रशंसित रणनीति को लागू कर सकती है।

व्यापक स्तर पर अर्थव्यवस्था की दृष्टि से, पीएमआईएस राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है और यह युवाओं के रोजगार को बढ़ावा देने एवं वंचित पृष्ठभूमि के युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं में समानता लाने का एक तात्कालिक उपाय है। शिक्षा पूरी कर चुके युवाओं के लिए एक फिनिशिंग स्कूल के रूप में कार्य करके, इंटर्नशिप अर्थव्यवस्था में 'रोजगार रहित प्रतिभा' के भारी नुकसान को कम करने में मदद करती है। आने वाले एआई के युग में, शिक्षा से लेकर रोजगार तक की ऐसी कड़ी और भी महत्वपूर्ण साबित होगी, जहां नौकरी के लिए उपयुक्तता परिवर्तन एवं जीवन कौशल के प्रति अनुकूलनशीलता द्वारा निर्धारित की जाएगी। दीर्घकालिक अवधि में, यह मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में पूंजी और श्रम के बीच के अनुपात को भी प्रभावित कर सकती है।

जैसा कि कहा गया है, कंपनियों में बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं को वास्तविक रूप से समायोजित करने, शीर्ष 500 कंपनियों को श्रेणी–2 और श्रेणी–3 वाले शहरों से आने वाले प्रशिक्षुओं को नियुक्त करने और किसी अभ्यर्थी को उसके शहर से बाहर स्थानांतरित करने की आवश्यकता होने पर पर्याप्त मात्रा में मासिक स्टाइपेंड की उपलब्धता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इस संबंध में दूरस्थ कार्य की व्यवस्था, गैर–मेट्रो कार्यालयों एवं कारखानों में भर्ती, और कंपनी द्वारा अतिरिक्त स्टाइपेंड संभावित समाधान हो सकते हैं। इस प्रकार, पीएमआईएस रोजगार सृजन का एक ऐसा उत्प्रेरक है जिसके व्यापक प्रचार और सावधानीपूर्वक कार्यान्वयन की आवश्यकता है। इसका लक्ष्य लगातार भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश के साथ बेहतर तालमेल बिठाना है। इस योजना के शुभारंभ के बाद से कॉरपोरेट जगत द्वारा दिखाई गई अत्यधिक रुचि भारतीय युवाओं को कुशल बनाने, उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ावा देने और उनकी आजीविका को बेहतर बनाने के इस योजना के लक्ष्य की सफलता की दृष्टि से एक अच्छा संकेत है।

**(लेखक वी. अनंत नागेश्वरन भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार हैं। दीक्षा सुप्याल बिष्ट भारतीय आर्थिक सेवा में एक अधिकारी हैं। ये उनके निजी विचार हैं)।**

# जहरीली होती हवा से गहराता सांसों का संकट

ललित गर्ग



दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में अभी दीपावली आने में कुछ दिन है, उससे पहले ही जहरीली हवा एवं वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनने लगा हैं और जहरीली होती हवा सांसों पर भारी पड़ने लगी है। एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी एक्यूआइ बहुत खराब की श्रेणी में पहुंच चुका है। दिल्ली में औसत एक्यूआइ 293 पहुंच गया है। दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में यह अभी से 300 पार जा चुका है। अतीत का अनुभव बताता है कि आने वाले दिनों में यह और बढ़ेगा। बढ़ते वायु प्रदूषण से जनता की सांसों पर गहराते संकट के समाधान के लिए सरकार के पास विभिन्न चरणों में लगाए जाने वाले प्रतिबंधों के अलावा कोई योजना नजर नहीं आती। दिल्ली सरकार जो भी तर्क दें, पर हकीकत यही है कि लोगों का दम घुटेगा, बच्चों एवं बुजुर्गों के सामने बड़ा संकट खड़ा होगा, अगर दिल्ली सरकार सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर नहीं हैं, वह गंभीर होती तो पहले से कोई ठोस योजना बनाती। दिल्ली के वायु प्रदूषण एवं हवा के जहरीले होने में पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा जलाई जाने वाली पराली का बड़ा योगदान बताया जाता है। उससे निपटने के प्रयासों के दावे भी राज्य सरकारों द्वारा किए जाते हैं पर वांछित परिणाम नजर नहीं आते। वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए बना आयोग भी जिम्मेदारी के निर्वाह में नाकाम नजर आता है।

प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली को कोई समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती। सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? वैसे प्रदूषण कम करने और दिल्ली सहित देश के अन्य महानगरों–नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। हालांकि लोगों को सिर्फ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है, एंटीडस्ट अभियान भी निरन्तर चलाया जाना चाहिए। लोगों को खुद भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी। लोगों को खुली जगह में कूड़ा नहीं फेंकना चाहिए और न ही उसे जलाया जाए। वाहनों का प्रदूषण लेवल चैक करना चाहिए। कोशिश करें कि हम निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा–सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण–क्षण अग्नि–परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता।

सुप्रीम कोर्ट राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर कठोर टिप्पणियां करने के साथ सरकार को कठोर एवं प्रभावी कदम उठाने के लिये जागरूक करती रही है। हाल ही सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने से रोकने में पंजाब सरकार की नाकामी पर सख्त टिप्पणी भी की। पंजाब और दिल्ली, दोनों ही राज्यों में आम आदमी पार्टी की सरकारें हैं, इसलिए यह आप और भाजपा के बीच राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप का मुद्दा भी बनता रहता है। ध्यान रहे कि पंजाब और दिल्ली के बीच स्थित राज्य हरियाणा में भाजपा की सरकार है। उत्तर प्रदेश में भी भाजपा सरकार है, जिसके पश्चिमी क्षेत्र के किसानों पर पराली जलाने का आरोप लगता रहता है। आम आदमी की सेहत ही नहीं, जीवन से भी जुड़े इस जानलेवा मुद्दे पर राजनीति नहीं, बल्कि ठोस समाधान की राह निकलनी चाहिए। हमारे राजनीति दल संवेदनहीन नहीं बल्कि संवेदनशील बने। दीपावली पर आतिशबाजी न हो, इसके लिये व्यापक प्रयत्न किये जाये। क्योंकि पटाखे जलाने से न केवल बुजुर्गों बल्कि बच्चों के जीवन पर खतरनाक प्रभाव पड़ने और अनेक रोगों के पनपने की संभावनाएं हैं। आम जनता की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाली पटाखे जलाने की भौतिकतावादी मानसिकता को विराम देना जरूरी है। प्रदूषण मुक्त पर्यावरण की वैश्विक अभिधारणा को मूर्त रूप देने के लिये इको फ्रेंडली दीपावली मनाने की दिशा में पिछले कुछ सालों में कई पायदान हम ऊपर चढ़े हैं, एक सकारात्मक वातावरण बना। लेकिन पटाखों से ज्यादा खतरनाक हैं पराली का प्रदूषण। पराली आज एक राजनीतिक प्रदूषण बन चुका है।

तमाम बंदीशों एवं चेतावनियों के दीपावली की रात आतिशबाजी जमकर होती है, इसके कारण पिछले साल अगले दिन वायु प्रदूषण 999 के बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया था। यह आम आदमी की सेहत, खासकर बुजुर्गों और बच्चों के लिए कितना खतरनाक साबित हो सकता है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि 401 से 500 तक के एक्यूआइ को ही 'गंभीर' एवं खतरनाक माना जाता है। वायु प्रदूषण से जुड़े आंकडे हमें बार–बार सतर्क एवं सावधान करने के साथ डराते भी है। यह डराने वाला ही आंकड़ा है कि भारत में हर साल वायु प्रदूषण से 20 लाख मौतें होती हैं। देश में होने वाली मौतों का यह पांचवां बड़ा कारण है। दिल्ली–एनसीआर के वायु प्रदूषण में पराली और पटाखों की ही तरह वाहनों एवं भवन–निर्माण से जुड़ा प्रदूषण भी खतरनाक होता है। भू–विज्ञान मंत्रालय के एक रिसर्च के अनुसार वायु निर्माण में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों की रहती है। भवन निर्माण आदि से उड़नेवाली धूल 21.5 प्रतिशत के दूसरे स्थान पर है। दिल्ली परिवहन विभाग के आंकड़े के मुताबिक पिछले 30 साल में वाहन और उनसे होने वाला प्रदूषण तीन गुणा बढ़ गया है। फिर भी सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को बेहतर और विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया।

इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि–सम्पन्न बनना होगा। क्या हमें किसी चाणक्य के पैदा होने तक इन्तजार करना पड़ेगा, जो जड़ों में मठ्ठा डाल सके। नहीं, अब तो प्रत्येक राजनीतिक मन को चाणक्य बनना होगा। तभी विकराल होती वायु प्रदूषण की समस्या से मुक्ति मिलेगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिल्ली के प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत के आसपास है। अभी से हर दिन पराली जलाने की घटनाएं दर्ज होने लगी है। क्या इसे रोकना वाकई इतना कठिन है? आखिर दिल्ली, पंजाब के साथ केंद्र सरकार इसके लिए क्या कर रही है कि किसान पराली न जलाएं? सच यह है कि इसके लिए कोई प्रभावी कोशिश हो ही नहीं रही है। किसानों से बात करने का साहस कोई भी सरकार नहीं दिखा रही है। ऐसा माहौल बना दिया गया है, मानो खेती के नाम पर कुछ भी करने की छूट है। इसका कारण राजनीतिक ही है। कोई किसान है, इसका यह अर्थ नहीं कि उसे वातावरण को दमघोंटू बनाने एवं लोगों के जीवन को संकट में डालने का अधिकार है।

अभी से दिल्ली की आबोहवा बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से खतरनाक होने लगती है। दिल्ली की हवा में उच्च सांद्रता है, जो बच्चों को सांस की बीमारी और हृदय रोगों की तरफ धकेल रही है। शोध एवं अध्ययन में यह भी पाया गया है कि यहां रहने वाले 75.4 फीसदी बच्चों को घुटन महसूस होती है। 24.2 फीसदी बच्चों की आंखों में खुजली की शिकायत होती है। सर्दियों में बच्चों को खांसी की शिकायत भी होती है। बुजुर्गों का स्वास्थ्य तो बहुत ज्यादा प्रभावित होता ही है। सर्दियों के मौसम में हवा में घातक धातुएं होती हैं, जिससे सांस लेने में दिक्कत आती है। हवा में कैडमियम और आर्सेनिक की मात्रा में वृद्धि से कैंसर, गुर्दे की समस्या और उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इसमें पराली के प्रदूषण से घातकता कई गुणा बढ़ जाती है। पटाखों का प्रदूषण उससे भी घातक है। 300 से अधिक एक्यूआइ वाले शहरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले सांस के रूप में जहर खींचने को क्यों विवश है, इसके कारणों पर इतनी बार चर्चा हो चुकी है कि उन्हें दोहराने की आवश्यकता नहीं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# रतन टाटा ने दायित्व को बखूबी संभाला

जिस समय– रतन टाटा अपने ग्रुप के प्रमुख बने, भारतीय एवं विश्व अर्थव्यवस्था में नए युग की शुरुआत हो रही थी। नए तौर–तरीकों के अनुरूप अपने को आगे बढ़ाने की चुनौती दरपेश थी। रतन टाटा ने इस दायित्व को बखूबी संभाला।

रतन टाटा ने प्रमुख उद्योगपति के रूप में अपनी मिली–जुली विरासत छोड़ते हुए दुनिया को अलविदा कहा है। जिस समय– यानी 1991 में वे टाटा ग्रुप के प्रमुख बने, भारतीय एवं विश्व अर्थव्यवस्था में नए युग की शुरुआत हो रही थी। नए दौर में पुराने तरीकों से कारोबार का माहौल सिकुडने् लगा था। रतन टाटा ने टाटा ग्रुप की जिम्मेदारी जेआरडी टाटा से संभाली थी। जेआरटी टाटा इस ग्रुप को देश का सर्व प्रमुख उद्योग समूह बना चुके थे। लेकिन अभी उनके कार्यकाल में ही धीरुभाई अंबानी जैसे उद्योगपतियों की नई पीढ़ी तेजी से उभर रही थी। इससे टाटा ग्रुप के सामने नए उद्योगपतियों की नई दृष्टि और नए तौर–तरीकों के बरक्स अपने को संभालने और आगे बढ़ाने की चुनौती दरपेश थी।

कहा जा सकता है कि रतन टाटा ने इस दायित्व को बखूबी संभाला। नए बने भूमंडलीकरण के वातावरण में वे टाटा समूह को बहुराष्ट्रीय कारोबार के दायरे में ले गए। हालांकि विदेशों में कोरस, लैंड रोवर और जगुआर जैसे समूहों को खरीदने का उनका दांव बहुत कामयाब नहीं रहा, लेकिन ये जोखिम लेकर टाटा समूह ने वैश्विक प्रतिस्पर्धा में कारोबार के महत्त्वपूर्ण अनुभव हासिल किए। नई टेक्नोलॉजी के बढ़ते प्रचलन से बने अवसर को उन्होंने समझा और टाटा ग्रुप को इन हाई टेक क्षेत्रों में कारोबार के लिए तैयार किया। अर्थव्यवस्था के साथ वित्तीयकरण की बढ़ती प्रवृत्तियों के बीच उन्होंने टाटा ग्रुप की निवेश प्राथमिकताएं बदलीं।

बहरहाल, उत्तराधिकारी चुनने का प्रकरण विवादित रहा। उन्हें अपने ही चयन से चुनौतियां मिलीं। ऐसे प्रकरणों से टाटा ग्रुप की प्रतिष्ठा पर आंच आई। इसके अलावा रतन टाटा पर राजनीति में दखल देने के आरोप भी लगे। एनजीओ फंडिंग के जरिए सरकारी नीतियों को प्रभावित करने और मोनोपॉली पूंजीवाद के दौर में राजनीति में दखल देने की बढ़ी प्रवृत्तियों के बीच उनकी भूमिका भी विवादों में आई। मगर इस दौर में टाटा ग्रुप के कई प्रतिस्पर्धी उद्योग समूहों पर ऐसे हस्तक्षेप के कहीं अधिक संगीन आरोप लगे हैं। इनके बीच रतन टाटा ने मुख्य रूप से ऐसे उद्योगपति की अपनी छवि कायम रखी, जिसने उद्यम, जोखिम, निवेश और व्यापार के जरिए अपना वैश्विक प्रभाव कायम किया है।



# मुफ्त की रेवड़ियों की घोषणा

हरिशंकर व्यास

महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव में मुफ्त की रेवड़ियों की घोषणा देखें तो हैरानी होगी कि इन सरकारों के पास कितना पैसा है, जो इतने खुले दिल से बांट रही हैं! चुनाव से ठीक पहले झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना के तहत महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए देने का ऐलान किया। चुनाव से पहले पहली किशत उनके खाते में डाल भी दी गई। तभी भाजपा ने गोगो दीदी योजना का ऐलान किया और कहा कि वह महिलाओं को हर महीने 21 सौ रुपए देगी। सोचें, होड़ लगा कर महिलाओं के खाते में पैसा डालने की इस योजना पर। क्या इसकी बजाय पार्टियां महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने और सम्मान के साथ जीने की स्थितियां मुहैया कराने के लिए काम नहीं कर सकती हैं?

इसी तरह की योजना महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे सरकार ने घोषित की है। वहां माजी लड़की बहिन योजना के तहत महिलाओं को हर महीने डेढ़ हजार रुपए देने की घोषणा हुई है। रुपए महिलाओं के खाते में जाने भी लगे हैं। लाड़ला भाई योजना के तहत सरकार ने युवाओं को उनकी शिक्षा या डिग्री के हिसाब से छह हजार से 10 हजार रुपए महीना तक दे रही है। चुनाव से पहले महिलाओं के लिए, युवाओं के लिए, किसानों के लिए, सरकारी कर्मचारियों के लिए, बुजुर्गों के लिए, ठेके पर काम करने वाले कर्मचारियों के लिए यानी हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ मुफ्त में देने की घोषणा हो रही है। कोई नीति बना कर स्थायी रूप से उनका भला करने की बजाय चुनाव के हिसाब से उनको कुछ न कुछ देकर लुभाने का प्रयास हो रहा है।

कहीं बिजली फ्री दी जा रही है तो कहीं पानी फ्री किया जा रहा है तो कहीं बसों में यात्रा फ्री की जा रही है। सब कुछ फ्री फ्री फ्री हो रहा है। जनता समझ रही है कि सरकार इतना कुछ मुफ्त में दे रही है और वही जनता इस बात का जश्न भी मना रही है कि हर महीने डेढ़ लाख करोड़ रुपए से ज्यादा जीएसटी इकट्ठा किया जा रहा है। जनता लाखों करोड़ रुपए का टैक्स दे रही है और बदले में कौड़ी की कीमत की मुफ्त की रेवड़ी हासिल कर रही है। सरकारी कर्मचारियों और कारोबारियों की मिलीभगत से एक साल में 2.37 लाख करोड़ रुपए की गड़बड़ी जीएसटी में हो गई है। इतने की तो पूरी रेवड़ी नहीं बंटती होगी!

जब अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में बिजली, पानी फ्री करने की बात कही थी उसके बाद ही प्रधानमंत्री ने मुफ्त की रेवड़ी का जुमला गढ़ा था। उन्होंने इसका मजाक उड़ाया था और कहा था कि इस तरह की योजनाओं से देश की अर्थव्यवस्था बरबाद हो जाएगी। लेकिन जब लगा कि यह योजना तो सफल है। इसके जरिए वोट हासिल किया जा सकता है और दूसरा कुछ करने की जरुरत भी नहीं रह जाएगी तो उनकी पार्टी ने बढ़ चढ़ कर मुफ्त की रेवडियों की घोषणा शुरू कर दी।

**(ये लेखक के विचार हैं।)**





















# श्रीकंचनपथ

भिलाई–दुर्ग



**ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-**

- TDS रिफंड
- GST रजिस्ट्रेशन
- इनकम TAX फाइल
- प्रोजेक्ट रिपोर्ट
- MSME रजिस्ट्रेशन
- GST रिटर्न फाइल
- CMA DATE
- फूड लाइसेंस
- BALANCE SHEET

हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं

संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544

D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर




## खास खबर

### निगम भिलाई के अधिकारी कर्मचारियो को मिलेगा 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ते का लाभ



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग ने राज्य के सभी शासकीय कर्मचारियो के वेतन में 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते में वृद्धि की है। दिनांक 15 मार्च 2024 के द्वारा सातंवा वेतनमान में दिनांक 1 मार्च 2024 से देय 46 प्रतिशत महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की वृद्धि कर 50 प्रतिशत किया गया है। आदेश के परिपालन में आयुक्त बजरंग दुबे ने नगर निगम भिलाई में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियो के वेतन में 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते के आदेश जारी किये है। नियमित कर्मचारियो को महंगाई भत्ता दिनांक 1 अक्टूबर 2024 से स्वीकृत किया गया है। नगर पालिक निगम भिलाई में सभी नियमित अधिकारी कर्मचारियो को अब 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते लाभ शीध्र ही दिया जायेगा। जो उनके वेतन में सीधे जुड़कर उनके खाते में भेजा जाएगा। आदेश जारी होने से निगम के सभी अधिकारी/कर्मचारी हर्षोल्लास के साथ आयुक्त को धन्यवाद दिये।

### बीएसपी द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा 20 अक्टूबर 2024 को मैत्री बाग के कैंडल गार्डन में, भिलाई एवं उसके आसपास के विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2024 पर केन्द्रित इस ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का विषय था सत्यनिष्ठ की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक (सतर्कता) और एसीवीओ श्री सत्यब्रत कर थे। प्रतियोगिता में 180 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कर ने छात्रों के साथ बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। सभी प्रतिभागी बच्चों ने दो घंटे की अवधि में संबंधित चित्रों के माध्यम से प्रतियोगिता के विषय पर अपना संदेश दिया। प्रतियोगिता का आयोजन 2 वर्गों में, कक्षा 6 से 8 तक जूनियर वर्ग और कक्षा 9 से 12 तक सीनियर वर्ग में किया गया था। प्रत्येक वर्ग में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। यह कार्यक्रम सतर्कता विभाग द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग और हार्टीकल्चर विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन 2 निर्णायकों प्रसिद्ध कलाकार शत्रुघ्न स्वर्णकार और श्री मोहन कुमार बराल द्वारा किया गया। निर्णायकों ने प्रतियोगिता का निरीक्षण कर बच्चों को प्रोत्साहित किया।

### आयुक्त ने जारी की स्वच्छता श्रृंगार की राशि

**भिलाई।** स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शासकीय सुलभ शौचालयों को सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए स्वच्छता श्रृंगार के लिए शासन द्वारा अनुदान की राशि प्राप्त होती है। जिसके माध्यम से उसे आकर्षक एवं व्यवस्थित बनाया जाता है। वर्तमान में नगर निगम भिलाई ने स्वच्छता श्रृंगार मद में 19 लाख रूपया था। जिसे आयुक्त बजरंग दुबे द्वारा स्वच्छता श्रृंगार करने वाली एजेंसियों को उनके कार्य के अनुरूप भुगतान किया गया। शासन से शेष अनुदान की राशि प्राप्त होती है ही भुगतान कर दिया जाएगा।

## सतर्कता जागरुकता के तहत बीएसपी के ग्राहक एवं हितधारकों के लिए विपणन विभाग द्वारा कस्टमर मीट का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के विपणन विभाग द्वारा 22 अक्टूबर 2024 को विपणन विभाग में ग्राहक एवं हितधारकों के विभिन्न मुद्दों व शिकायतों को दूर करने और उन्हें विभिन्न प्रणालीगत सुधार के बारे में जागरूक करने के लिए एक कस्टमर मीट का आयोजन किया गया है।



इस आयोजन के माध्यम से सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अपने ग्राहकों तथा अन्य हितधारकों के लाभ के लिए उठाए गए पारदर्शी और नैतिक व्यवसाय प्रथाओं को बनाए रखने की दिशा में किए गए प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों के सेकेण्डरी प्रोडक्ट एवं सामग्रियों की बिक्री से जुड़े क्रेताओं व विक्रेताओं ने भाग लिया, जिनमें डिफेक्टिव स्टील स्क्रैप, स्लैग, कोल केमिकल, पिग आयरन तथा कमर्षियल रेल शामिल हैं। संबंधित विभागों जैसे सतर्कता विभाग, वित्त विभाग, सी एंड आईटी, मेटल जंक्शन आदि के संबंधित अधिकारियों ने भी इस कार्यक्रम में षिरकत की। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती भी उपस्थित थे। बैठक में ग्राहकों के सामने आ रही विभिन्न समस्याओं और कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्राहकों को मेटल जंक्शन प्लेटफॉर्म में हाल ही में हुए विकासों, डिलीवरी ऑर्डर के डिजिटलीकरण से संबंधित बीएसपी में एसएपी प्रणाली, ग्राहकों के लिए डिलीवरी ऑर्डर की स्थिति देखने हेतु मोबाइल ऐप और सीएनआईटी विभाग द्वारा वैन के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान के विषय में जानकारी दी गई। कार्यप्रणाली में और सुधार के लिए वर्तमान में कुछ मुद्दों का समाधान प्रक्रियाधीन है और कुछ मुद्दों का समाधान जल्द ही किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन सतर्कता विभाग के सहयोग से भिलाई इस्पात संयंत्र के विपणन विभाग द्वारा किया गया।

सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर, 2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2024 का विषय सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि है। सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाता है।

## पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिस कर्मियों दी गई श्रद्धांजलि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** 21 अक्टूबर 2024 को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बीएसपी ईएमएमएस–1 स्कूल सेक्टर–1 में आयोजित कार्यक्रम में छ.ग. पुलिस के जांबाज शहीदों, आरक्षक अमित नामक तथा आरक्षक विश्राम मांझी को सादर श्रद्धांजलि दी गयी।

शहीद अमित नायक तथा शहीद विश्राम मांझी के परिजनों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। पुलिस स्मृति दिवस पर हम अपने पुलिसकर्मियों की बहादुरी और बलिदान का सम्मान करते हैं। उनका अटूट समर्पण देश के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। वे साहस और दृढ़ संकल्प का उदाहरण हैं। इस अवसर पर उपस्थित भट्टी थाना के उप निरीक्षक एस. एन. सिंग ने पुलिस विभाग के दोनों शहीदों



को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सभी बच्चों में देश प्रेम का ऐसा ही जज्बा होना चाहिए। उन्होंने इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए गुरुजनों का आभार व्यक्त किया। बीएसपी के शिक्षा विभाग के उप प्रबंधक अशोक सिंग ने शहीद अमित नायक के बचपन से जुड़ी यादों को साझा करते हुए उनकी बहादुरी की प्रशंसा की। शाला के प्रधान पाठक पी आर साहू ने अपने संबोधन में बताया कि दोनों शहीद आरक्षक बीएसपी स्कूल के छात्र थे, तथा उनकी शहादत पर हम सभी को गर्व है।

## महापौर परषिद के नए सद्स्यों ने सम्हाला कार्यभार, महापौर व सभापति ने दी बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली परिषद में शामिल 4 नए पार्षद ने बुधवार को कार्य सम्हाला। एम.डी. जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, संजू नेताम और ममता यादव ने पूजा अर्चना कर अपने चेम्बर में बैठे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद एमआईसी कार्यो की समीक्षा करने विभागवार बैठक बुलाने निर्देश भी दिए।



चारों एमआईसी दोपहर महापौर कार्यालय पहुंचे। थोड़ी देर बाद महापौर शशि सिन्हा और सभापति केशव बंछोर के मार्गदर्शन में सबसे पहले आवास, पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग प्रभारी एम.डी. जहीर अब्बास ने कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद स्वास्थ्य तथा स्वच्छता विभाग प्रभारी संजू नेताम, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं विद्युत विभाग प्रभारी ममता यादव और अंत में जल कार्य विधि सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी अनिल देशमुख ने अपने कक्ष में कार्यभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सनीर साहू, परमेश्वर कुमार, पार्षद ईश्वरी साहू, सरिता देवांगन आदि उपस्थित थे।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद महापौर शशि सिन्हा ने गुरूवार को अपने परिषद की बैठक आयोजित की है। बैठक महापौर कक्ष में दोपहर 1 बजे होगा। इस बैठक में परिषद के नए सद्स्य भी शामिल होंगे।

## दीपावली और छठ पर यूपी-बिहार की यात्रा होगी आसान, 4 स्पेशल ट्रेनों में मिलेगी कनफर्म बर्थ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दीपावली और छठ पूजा के कारण उत्तर भारत की ओर जाने वाली ट्रेनों में किसी भी श्रेणी में टिकट मिलना मुश्किल हो गया है। अधिकांश ट्रेनों की सभी श्रेणी की सीटें भर गई हैं। इसे देखते हुए स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ के अवसर पर पर कुल 06 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, जिनमें दुर्गा पूजा के अवसर 02 स्पेशल ट्रेन का परिचालन (1) गोंदिया–सांतरागाछी (2) सांतरागाछी–गोंदिया के मध्य कुल 04 फेरों के लिए किया गया था। दीपावली एवं छठ के अवसर पर भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से 04 स्पेशल




ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा।

गौरतलब है कि दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। यात्रियों की भारी भीड़ को सुगम एवं आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा इस वर्ष दो महीने की अवधि के दौरान लगभग 7350 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, जो कि प्रतिदिन लगभग 120 ट्रेनें परिचालित की जा रही है। पिछले वर्ष भारतीय रेल द्वारा बड़ी संख्या में त्योहार स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया गया था और इन ट्रेनों ने कुल 4,429 फेरे लगाए थे, इस वर्ष पिछले वर्ष से 64 प्रतिशत अधिक स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, जिनके माध्यम से लाखों की संख्या में यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा प्राप्त हुई थी।

हर साल दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर देश भर से बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर प्रस्थान करते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए ये त्योहार न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि परिवारों से मिलने का भी एक अहम अवसर होते हैं। हर साल त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ की वजह से अधिकांश ट्रेनों में दो–तीन महीने पहले से ही टिकट वेटिंग लिस्ट में चली जाती हैं। इसी को देखते हुए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी त्योहारों के अवसर पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

### यह है स्पेशल ट्रेनों की सूची

08895 गोंदिया– छपरा छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए – गोंदिया से 03 एवं 04 नवंबर 2024।

08896 छपरा– गोंदिया छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए – छपरा से 04 एवं 5 नवंबर 2024।

08897 गोंदिया– पटना छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए – गोंदिया से 03 एवं 04 नवंबर 2024।

08898 पटना– गोंदिया छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए – पटना से 04 एवं 05 नवंबर 2024।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शिविर का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिले के ग्राम चंदखुरी में दिनांक 21 क्टूबर 2024 को एकदिवसीय पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शिविर का ायोजन किया गया। शिविर में 17 उपभोक्ताों द्वारा रजिस्ट्रेशन करवाया गया। शिविर में धीक्षण भियंता श्री ए.के.लखेरा द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य देश में हरित ऊर्जा मिशन को बढ़ावा देकर पर्यावरण का सन्तुलन बनाए रखना है एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना है। आयोजित शिविर में कार्यपालन भियंता छगन शर्मा ने बताया गया कि योजना के ंतर्गत घरेलू उपभोक्ताों को पीएम सूर्य घर पोर्टल में जा कर रजिस्ट्रेशन करना है। इस योजना के तहत 01 किलोवाट के कनेक्शन में नुमानित खर्चा 60 हजार रूपये है, जिसमें 30 हजार रूपये सब्सिडी है। बताया गया कि यदि उपभोक्ता 02 किलोवाट का सोलर पैनल लगाना चाहते हैं तो उनको योजना के तहत 60 हजार रूपये सब्सिडी राशि मिलेगी। इसकी नुमानित लागत 01 लाख 20 हजार रूपये ाएगी। इसी तरह यदि उपभोक्ता पीएम सूर्यघर के माध्यम से 03 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित करते हैं, तो सब्सिडी राषि के रूप में 78 हजार रूपये मिलेंगे, जिसकी नुमानित लागत 01 लाख 80 हजार रूपये जाएगी।

## इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का विस्तारः अब 159 रेलवे स्टेशनों में पूरा हुआ काम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सुरक्षित रेल परिचालन को सुनिश्चित करने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली के विस्तार में एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अब तक कुल 159 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सफलतापूर्वक लागू की जा चुकी है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में 22 स्टेशनों को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग करने का लक्ष्य है, जिसमे 06 स्टेशनों को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग किया जा चूका है। शेष स्टेशनों पर भी भविष्य में यह आधुनिक प्रणाली स्थापित की जाएगी।

वर्तमान समय में इस परियोजना को प्रधान मुख्य सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियर के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में नई तकनीकों को अपनाकर रेल संचालन को अधिक सुरक्षित, कुशल और विश्वसनीय बना रहा है। यह नई तकनीक



रेलवे संचालन में सुरक्षा और दक्षता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करती है, जिससे यात्री और माल परिवहन को एक नई दिशा और आयाम प्राप्त हुआ है।

### सिग्नलिंग तकनीक में एक क्रांतिकारी परिवर्तन

इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली सिग्नलिंग तकनीक में एक क्रांतिकारी परिवर्तन है, जो विभिन्न रेल मार्गों पर गाड़ियों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करती है। यह प्रणाली पुरानी यांत्रिक और रिले आधारित इंटरलॉकिंग प्रणालियों की जगह लेती है। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग को नई तकनीकों जैसे कि स्वचालित सिग्नलिंग और कवच (स्वदेशी ट्रेन टकराव रोधी प्रणाली) के साथ आसानी से एकीकृत किया जा सकता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के आधार पर लागू किया जा रहा है, जिससे रेल परिचालन क्षमता और संरक्षा दोनों में सुधार हो रहा है। यह भविष्य की प्रौद्योगिकियों के साथ रेल प्रणाली को और अधिक उन्नत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की यह है खासियत

उच्च संरक्षाः इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली में डिजिटल तकनीक का उपयोग होता है, जिससे मानवीय त्रुटियों की संभावना कम हो जाती है। वहीं पैनल और रिले इंटरलॉकिंग में मैन्युअल हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ सकती है। इसमें मैन्युअल हस्तक्षेप नहीं होने के कारण गलती होने की संभावना बेहद कम हो जाती है।

**कम स्थान की आवश्यकताः** पैनल/रिले इंटरलॉकिंग प्रणाली में बड़े पैनलों, अधिक रिले रैक और तारों की आवश्यकता होती है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली में सॉफ्टवेयर और न्यूनतम हार्डवेयर की जरूरत होती है, जिससे यह कम स्थान लेता है।

**रियल–टाइम मॉनिटरिंगः** इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली वास्तविक समय में सिग्नल, ट्रैक, और ट्रेन मूवमेंट की निगरानी करने की सुविधा देती है, जिससे किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जा सकता है।

**कम रखरखाव लागतः** पुराने सिस्टम की तुलना में इस प्रणाली के रखरखाव में कम समय और लागत लगती है। पैनल और रिले इंटरलॉकिंग में कई बार तकनीकी खराबियों के चलते उच्च रखरखाव की आवश्यकता होती है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्वचालित होती है और इसे कम रखरखाव की जरूरत होती है।

**दीर्घकालिक लागत बचतः** पैनल/रिले इंटरलॉकिंग के मुकाबले, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की शुरुआती लागत अधिक हो सकती है, लेकिन दीर्घकाल में यह अधिक लागत प्रभावी होती है, क्योंकि इसके रखरखाव में कम लागत होती है।

**विस्तार में आसानीः** इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में भविष्य के उन्नयन और विस्तार के लिए अधिक लचीलापन होता है साथ ही नई तकनीकों जैसे कि स्वचालित सिग्नलिंग और कवच (स्वदेशी ट्रेन टकराव रोधी प्रणाली) के साथ आसानी से एकीकृत किया जा सकता है, जबकि पारंपरिक प्रणालियों में यह काफी जटिल और महंगा होता है।


Since 1972

CROWN® - TV

Choice Of Millions

LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Maa Durga Electronics 9827183839

Rohit Electronics 94242-02866

Premier sales: 8959493000

A Leela Electronics: 9425507772

Reena Electronics: 9329132299

Shree Electronics: 7000827361

Authorised Distributers For Chhattisgarh

Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### छत्तीसगढ़ चेंबर महिला विंग ने स्तन कैंसर पर लगाया जागरूकता शिविर

**रायपुर।** महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय स्तन कैंसर जागरूकता के अंतर्गत छत्तीसगढ़ चेंबर महिला विंग एवं नारायणा एमएमआई अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार पार्षद कार्यालय, हनुमान मंदिर चैबे कॉलोनी, रायपुर में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक नि:शुल्क स्तन जांच शिविर का आयोजन हुआ।

श्रीमती मधु अरोरा ने बताया कि उक्त जांच शिविर में निम्नलिखित सेवाएं निरामई मशीन द्वारा नि:शुल्क मैमोग्राफी, शुगर जांच एवं ब्लड प्रेशर की जांच सुविधा उपलब्ध करवाई गई। उक्त जांच शिविर में लगभग 100 से अधिक महिलाओं ने उपस्थिति दर्ज करते हुए इस नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ लिया।

इस अवसर पर पार्षद अमर बंसल, पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ मीरा बघेल, डॉ कमल वर्मा, रश्मि वाधवा, महिला चेम्बर संरक्षक श्रीमती आभा मिश्रा, अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा, महामंत्री पिंकी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट, मीडिया प्रभारी श्रीमती इंदिरा जैन एवं श्रीमती विनीता शुक्ला सहित अन्य सदस्य तथा नागरिकगण उपस्थित थे।

### पीएम किसान समृद्धि सह योजना के लिए एनएफडीपी पर पंजीकरण अनिवार्य

**रायपुर।** मत्स्य कृषकों को केन्द्र शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत् विभिन्न घटकों का लाभ प्राप्त करने के लिए एनएफडीपी पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। संचालक मछली पालन नारायण सिंह नाग ने बताया कि एनएफ्डीपी का मुख्य उद्देश्य सभी मत्स्य पालक, मत्स्य पालन समूहों एवं मत्स्य समितियों के लिए कार्य आधारित पहचान का डाटाबेस निर्माण के माध्यम से भारतीय मत्स्य पालन को औपचारिक रूप देना है। भविष्य में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह योजना के तहत् मत्स्य पालन अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु एनएफ्डीपी पर पंजीकरण अनिवार्य होगा। इसके तहत मछली पालन, मत्स्याखेट एवं मछली बेचने के व्यवसाय से जुड़े सभी लोगों का पंजीयन कॉमन सर्विस सेंटर (च्वाईस सेंटर) के माध्यम से किया जा सकेगा।

संचालक श्री नाग ने बताया कि यदि परिवार के सभी सदस्य मछली पालन कार्य में संलग्न है, तो सभी का पंजीयन व्यक्तिगत रूप से किया जायेगा। पंजीयन के बाद मत्स्य विभाग से सत्यापन पश्चात उनके बैंक खातें में 80 रूपये शासन की ओर से प्राप्त होगा तथा कॉमन सर्विस सेंटर (च्वाईस सेंटर) को उनके प्रत्येक एन्ट्री पर 18 रूपये कमीशन के रूप में प्राप्त होगा। पंजीयन हेतु मत्स्य कृषकों को अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा आधार लिंक मोबाईल नम्बर के साथ कॉमन सर्विस सेंटर (च्वाईस सेंटर) में एन्ट्री कार्य कराया जाना है। पंजीयन हेतु आधार लिंक मोबाईल नंबर पर प्राप्त ओटीपी अनिवार्य होगा। पंजीयन के बाद प्रारम्भ में अस्थायी प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। कृषकों का मत्स्य विभाग से सत्यापन पश्चात स्थायी प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा।

# अघरिया समाज महिला सेवा समिति ने महिला उद्यमियों का किया सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** अघरिया समाज महिला सेवा समिति ने शनिवार को 'एक पहल, एक आगाज़' कार्यक्रम का आयोजन किया। पं रविशंकर विश्वविद्यालय के सी वी रमन सभागार में आयोजित इस कार्यमक्रम का उद्देश्य महिला नव उद्यमियों को प्रोत्साहित करना और उन्हें एक मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित किया गया और उनके व्यवसायिक कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर मिला।



कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों में रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, रायगढ़ ज़िला पंचायत सदस्य कैलाश शक्राजीत नायक और समाजसेविका श्रीमती वर्णिका शर्मा शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन कवयित्री श्रीमती सुषमा पटेल और श्रीमती दिव्य पटेल ने सुमधुर कविताओं के माध्यम से किया।

महिला उद्यमियों ने अपने व्यवसायिक स्टॉल लगाए और मंच पर अपने व्यवसायों की प्रेरणाओं और उत्पादों का विवरण प्रस्तुत किया। मोतीलाल साहू ने महिलाओं की स्वावलंबन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, यह बहुत खुशी की बात है कि महिलाएं अपने परिवार और समाज में योगदान देते हुए व्यवसाय को चुन रही हैं। पुरंदर मिश्रा ने कहा, महिलाएं परिवार, समाज और देश की रीढ़ की हड्डी हैं, और उद्यमिता से जुड़कर वे आत्मनिर्भरता की राह दिखा रही हैं।

इस अवसर पर कई महिला उद्यमियों को सम्मानित किया गया, जिनमें प्रमुख नाम थे: विनीता पटेल (आरुग सैनिटरी नैपकिन), समायरा पटेल (शेयर मार्केट), श्रीमती चंद्रकांती पटेल (बोतल्दा ट्रैक्टर्स), अनु चौधरी (बेक बास्केट), अंजू पटेल (इंटीरियर डिजाइनर), विशिष्ट अतिथियों ने महिला उद्यमियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती मंजू पटेल और श्रीमती कल्पना पटेल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन को समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वावलंबन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह पहल महिला उद्यमियों के संघर्ष, मेहनत और उपलब्धियों को पहचान दिलाने का एक सराहनीय प्रयास है।

# निगम आयुक्त ने अवैध प्लाटिंग पर कड़ी कार्यवाही करने दिए निर्देश

## कचरा और गन्दगी फैलाने वालों पर जुर्माना वसूलने कहा




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने निगम मुख्यालय भवन में साप्ताहिक टीएल बैठक लेकर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सी. ओ. ओ उज्जवल पोरवाल, अपर आयुक्त यू. एस. अग्रवाल, विनोद पाण्डेय, कृष्णा खटीक, उपायुक्त रमाकांत साहू, मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, राजेश राठौर, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महाप्रबंधक ( तकनीकी ) पंकज कुमार पंचायती, निगम जल विभाग प्रभारी अधिकारी वरिष्ठ अभियंता बद्री चंद्राकर, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, सभी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, विभागों के प्रभारी अधिकारियों की उपस्थिति में लेते हुए विभिन्न कार्यों की प्रगति की जानकारी लेकर उनकी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए।

आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैँ। आयुक्त ने निर्देशित किया है कि नगर के व्यवसायिक क्षेत्रों में पार्किंग के क्षेत्र का अवैध गोदाम के रूप में उपयोग किये जाने से सम्बंधित सभी प्रकरणों पर कड़ी कार्यवाही करके नियमानुसार पार्किंग के क्षेत्र का उपयोग पार्किंग के लिए करवाया जाना सुनिश्चित करवायें। आयुक्त ने शहर में ठण्ड के मौसम को देखते हुए स्ट्रीट लाईट टाइमर को रिसेट करवाकर सूर्यास्त के तत्काल पश्चात स्ट्रीट लाईट जलवाया जाना सुनिश्चित करने और दीपावली पर्व के पूर्व शहर में सभी स्ट्रीट लाईट शत -प्रतिशत संख्या में जलवाया जाना प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाये। आयुक्त ने दीपावली पूर्व समुचित स्ट्रीट लाईट संधारण कार्य करने तत्काल प्रत्येक जोन को 100 नग लाईट फिटिंग निगम मुख्यालय विद्युत विभाग से उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैँ। आयुक्त ने जोन कमिश्नरों को सभी जोनों के समस्त व्यवसायिक क्षेत्रों में प्रतिदिन जोन स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर जोन स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में व्यवसायिक क्षेत्रों में कचरा और गन्दगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने की कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैँ।

# फोटो प्रदर्शनी के विजेताओं को किया सम्मानित



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** फोटो अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। यह बिना शब्दों के विचारों, भावनाओं और कहानियों को संप्रेषित कर सकता है। यह बात सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित फोटो प्रदर्शनी के समापन समारोह में कही। बृजमोहन अग्रवाल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। न्यूज, पर्यटन एवं संस्कृति और विकास विषय पर आयोजित इस फोटो प्रदर्शनी में फोटो जर्नलिस्ट के द्वारा कैमरे में कैप्चर किए गए गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया था। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने विभिन्न वर्गों के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, एक अकेली फोटो पूरी घटना और कहानी को बयां कर सकती है। एक अच्छी फोटो व्यक्ति की भावना, स्थिति को स्पष्टता और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत करती है। फोटो जर्नलिस्ट अक्सर अपनी जान को जोखिम में डालकर खतरनाक और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं। ताकि वे सच को उजागर कर सकें और दुनिया को महत्वपूर्ण घटनाओं की तस्वीरें और कहानियां दिखा सकें। वे युद्ध, प्राकृतिक आपदाओं, राजनीतिक अस्थिरता, और अन्य खतरनाक परिस्थितियों में जाते हैं, जहां उनकी सुरक्षा को खतरा हो सकता है। उनके द्वारा खींची गई तस्वीरें न केवल समाचारों को सजीव बनाती हैं, बल्कि समाज में जागरूकता और बदलाव लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

न्यूज वर्ग में भूपेश केशरवानी, दीपेंद्र सोनी और राज कुमार चतुर्वेदी को क्रमश: पहला, दूसरा और तीसरा तथा मनोज देवांगन और विजय देवांगन को सांत्वना पुरस्कार मिला। वहीं पर्यटन एवं संस्कृति में अरविंद सोनवानी, किशन लोखंडे, भूपेश केसरवानी को क्रमश: पहला, दूसरा, तीसरा तथा गोपाल सोनी और सागर परिकर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। तथा विकास वर्ग में मनोज देवांगन, भूपेश केसरवानी, राजकुमार चतुर्वेदी को पहला दूसरा और तीसरा तथा संतोष और नरेंद्र बंगाली को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वहीं रमन हलवाई को ओवरऑल कैटेगरी में पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ वैभव शिव पांडे, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई समेत पत्रकार और फोटो पत्रकार उपस्थित रहे।



# निगम ने वार्ड 53 के देवपुरी में 2 अलग-अलग जगहों पर हो रही अवैध प्लाटिंग रोकी

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार एवं अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल के निर्देशानुसार नगर निगम जोन क्रमांक 10 की टीम द्वारा जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता योगेश यदु सहित सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में अभियान चलाकर जोन 10 के बाबू जगजीवनराम वार्ड नम्बर 53 के तहत देवपुरी में कुर्सी फैक्ट्री के पीछे माइल स्टोन च्वाईस सेंटर के पास और वर्धमान नगर जाने वाले मार्ग की ओर दो भिन्न स्थानों में लगभग 5 एकड़ निजी भूमि पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग की जानकारी मिलते ही स्थल पर पहुंचकर बनाई गयी अवैध सी सी मुरुम रोड को थ्री डी मशीन की सहायता से काटकर वहाँ जाने का मार्ग बाधित कर तत्काल कारगर रोक लगाई गयी है।

जोन 10 जोन कमिश्नर ने नायब तहसीलदार रायपुर को पत्र लिखकर उक्त दो भिन्न स्थानों के भूमि स्वामियों की जानकारी शीघ्र निगम जोन 10 नगर निवेश विभाग में भिजवाने अनुरोध किया है। तहसील कार्यालय से जानकारी आते ही नगर निगम जोन 10 नगर निवेश विभाग द्वारा निर्देशानुसार सम्बंधित अवैध प्लाटिंगकर्ताओं के विरुद्ध सम्बंधित पुलिस थाना में नियमानुसार कानूनी कार्यवाही हेतु नामजद एफआईआर दर्ज करवाने की कार्यवाही की जाएगी।

# राजनैतिक दलों व अभ्यर्थियों के लिए विभिन्न मदों पर किए जाने व्यय मानक दर का निर्धारण

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के लिए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-51 के निर्वाचन के दौरान राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों के द्वारा विभिन्न मदों पर किए जाने वाले व्यय का मानक दर निर्धारण किया है। राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को वाहन, लाइट, माइक, शमियाना, डेकोरेशन, भोजन, वीडियोग्राफी व प्रचार सामग्री एवं अन्य विभिन्न मदों पर किए जाने वाले व्यय का मानक दर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति तथा सहमति के उपरांत निर्धारित किया गया है। तय दरों में लडडू प्रतिनग 5 रुपए तो मटठा पैकेट प्रतिनग 10 रुपए निर्धारित किया गया है। वहीं छोटी माला प्रतिनग के लिए 15 रुपए, बडी माला के लिए 50, वीआईपी माला के लिए 300 रुपए, मोटी माला के लिए 900 रुपए, छोटे गुलदस्ते के लिए 60 रुपए व बडे के लिए 110 रुपए प्रतिनग, खुले फूल प्रतिकिलो 80 रुपए, प्रोजेक्टर प्रतिदनि के लिए 3500 रुपए निर्धारित किया गया है।

**व्हीकल की दरें प्रतिदिन किराया :** वाहन चालक 700 रुपए प्रति व्यक्ति, बुजडोजर जे.सी.बी. 1300 रुपए, डिजाईन वाहन थार-2200 रुपए प्रतिदिन, जीएसटी, पेट्रोल, डीजल, ओपन वाहन 1200 रुपए के साथ जीएसटी, पार्टी डिजाइन वाहन 2200 रुपए के साथ जीएसटी, मारूति डिजायर 900 रुपए, मारूति इग्निस 960 रुपए, मेटाडोर 1440 रुपए, टाटा पिकअप 1400 रुपए, मिनी बस ए.सी. 2640 रुपए, मिनी बस (नॉन ए.सी.) 2160 रुपए, ए.सी. बस 40 सीटर- 5400 रुपए, ए.सी. बस 40 सीटर-3240 रुपए, मारूटि वैन 840 रुपए, ट्रेवलर बस 14 सीटर 1680 रुपए, सेडार टाइप कार 960 रुपए, फॉरचुनर-फोर्ड एन्डोवर-पजेरो 3600 रुपए, एक्टिवा 250 रुपए, पल्सर 300 रुपए, बुलेट 500 रुपए के हिसाब से दर तय की गई।

**टेंट के लिए निर्धारित खर्च किया तय:** पंडाल और वुडन मंच निर्माण के लिए 13 से 25 रुपए प्रति वर्ग फीट, वहीं सामान्य बुके के लिए 170 व वीआईपी बुके 350 रुपए, सामान्य पोस्टर के लिए 5 व पोस्टर फ्लैक्स के लिए 8 रुपए प्रति वर्गफीट, पानी जार के लिए 35 रुपए प्रतिनग, पटाखा लडी प्रति नग 180 रुपए व पटाखा बम के लिए प्रति बाक्स 6 नग के लिए 144 रुपए, स्वागत थाली प्रति नग 150 रुपए, तलवार प्रति नग 500 रुपए, कटार 250 रुपए, त्रिशूल 500 रुपए प्रति नग, शाल व साड़ी प्रति नग 500 रुपए, टोपी सामान्य 100 व टोपी अच्छा के लिए 200 रुपए प्रतिनग, टीशर्ट प्रतिनग 250 रुपए प्रतिनग, नानबेज थाली 150 रुपए व बिरयानी प्रति थाली 100 रुपए व फल प्रतिकिलो 200 रुपए, मठठा पैकेट 10 रुपए, लडडू प्रतिनग 5 रुपए, ड्रोन कैमरा प्रतिनग 2000 रुपए, तोप गन प्रतिनग 500 रुपए व पगडी 200 रुपए प्रतिनग, मंच पर लगने वाले एसी के लिए प्रतिदिन 3240 छोटे साउंड बाक्स के लिए 2900 व बडे साउंड बाक्स के लिए 4000 रुपए प्रतिदिन निर्धारित किया गया है।

### अब तक 16 अभ्यर्थियों ने जमा किए अपने नामांकन

रायपुर नगर (दक्षिण) उप निर्वाचन-2024 अंतर्गत अभी तक सोलह उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। 23 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी से सुनील कुमार सोनी, इंडियन नेशनल कांग्रेस से आकाश शर्मा, शक्ति सेना (भारत देश) से सविता बंजारे, निर्दलीय शेख जैनब बेगम, हैदर भाटी, राधेश्वरी गायकवाड़ ने अपना नामनिर्देशन पत्र जमा किया। उल्लेखनीय है कि रायपुर नगर (दक्षिण) उपनिर्वाचन 2024 के लिए उम्मीदवार 25 अक्टूबर 2024 तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में प्रात: 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है। प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार 30 अक्टूबर तक अपना नामाकंन वापस ले सकेंगे।

# हज-2025 की प्रथम किश्त व दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि, हज कमेटी ऑफ़इंडिया मुंबई के सर्कुलर 10 से प्राप्त सूचना अनुसार, हज 2025 के लिए चयनित आवेदकों द्वारा यात्रा की पहली किश्त जमा करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया जाकर अब 31 अक्टूबर 2024 23:59 बजे तक एवं जमा राशि की पेय स्लिप, मेडिकल सर्टिफिकेट, हज आवेदन फॉर्म मय सहपत्र, जमा करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया जाकर 05 नवंबर 2024 निर्धारित किया गया है। अत: राज्य के चयनित हज यात्री, अब उपरोक्तानुसार दिनांकों में यात्रा की पहली किश्त व दस्तावेज जमा कर सकते है । अधिक जानकारी के लिए कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के दूरभाष क्रमांक 0771-4266646 पर संपर्क किया जा सकता है।

# विधायक ने नवीन विकास कार्यों का किया शुभारम्भ




श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 के तहत पण्डित रविशंकर शुक्ल वार्ड नम्बर 35 के क्षेत्र में रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के तहत वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों, रहवासियों, आमजनों की उपस्थिति के मध्य वार्ड क्षेत्र के मुख्य मार्गो में सड़क डामरीकरण कार्य एवं वार्ड क्षेत्र में सीसी रोड एवं नाली निर्माण के नवीन विकास कार्यों का श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर भूमिपूजन कर प्रारम्भ करवाया।

पण्डित रविशंकर शुक्ल वार्ड नम्बर 35 के क्षेत्र में रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के तहत 40 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से सड़क डामरीकरण कार्य एवं 13 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से सी सी रोड एवं नाली निर्माण के नवीन विकास कार्य शीघ्र करवाये जायेंगे। रायपुर उत्तर विधायक ने जोन 4 के जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन को तत्काल नए विकास कार्य प्रारम्भ करवाकर तय समयसीमा के भीतर सतत मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता सहित प्राथमिकता से जनहित में जनसुविधा विस्तार की दृष्टि से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया है।
















# एक्ट्रेस केट शर्मा ने सेक्सी ब्रालेट में गिराई बिजली

**एक्ट्रेस केट शर्मा सोशल मीडिया पर अपनी बोल्डनेस और ग्लैमरस अंदाज के चलते सुर्खियों में बनी रहती हैं। उनकी एक एक तस्वीर सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती है। वहीं, उनकी कातिलाना तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। एक्ट्रेस केट शर्मा को एक बार फिर ब्रालेट अवतार में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं।**



टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा ने हाल ही में अपने फैंस को एक बड़ा सरप्राइज दिया है। केट ने इंस्टाग्राम पर एक नया वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह ग्रीन ब्रालेट और शॉर्ट डेनिम पहने स्विमिंग पूल के किनारे किलर पोज देती नजर आ रही हैं। लाइट मेकअप और खुले बालों के साथ केट का यह ग्लैमरस अंदाज फैंस के दिलों पर छा गया है। वीडियो में केट की अदाएं और स्वैग देखने लायक हैं, जिसने उनके फैंस को दीवाना बना दिया है।

केट शर्मा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से इंटरनेट पर कहर बरपाए रहती हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। केट शर्मा रूहदार और कुछ तो जरूरी है जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। केट शर्मा अपनी बोल्ड तस्वीरें देने से कभी नहीं झिझकती हैं। फैंस उनकी तस्वीरों के लिए व्याकुल रहते हैं। एक्ट्रेस केट शर्मा ने अक्टूबर 2018 में मशहूर फिल्ममेकर सुभाष घई पर मीटू के तहत गंभीर आरोप लगाए थे। सोशल मीडिया पर फैंस उनकी इस पोस्ट पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं और कमेंट्स में तारीफें कर रहे हैं। केट का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और उनके फैंस इसे खूब पसंद कर रहे हैं। केट शर्मा भले ही फिल्मों में कुछ ज्यादा खास नहीं कर पाईं हो लेकिन, इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस के 2.7 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

# धमकी के बीच सलमान खान ने शुरू की सिकंदर की शूटिंग

सलमान खान ने अपनी मोस्ट अवेटेड अपकमिंग मास एक्शन फिल्म सिंकदर की शूटिंग एक बार फिर शुरू कर दी है। सलमान ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग की धमकी के बीच ईद 2025 पर रिलीज होने जा रही फिल्म सिकंदर की शूटिंग फिर से जारी कर दी है। सलमान खान धमकी के बीच भी अपना काम करना नहीं छोड़ रहे हैं। हाल ही में सलमान खान ने बिग बॉस 18 के वीकेंड का वार एपिसोड शूट किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक सलमान खान सिकंदर के सेट पर शूट कर रहे हैं।

रिपोर्ट्स की मानें तो, सलमान खान अपने काम को लेकर कमिटेड रहते हैं। एक तरफ वह हाई लेवल-सिक्योरिटी के बीच बिग बॉस 18 की शूटिंग कर रहे हैं, तो वहीं अब वह सिकंदर को निपटाने में लगे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो सिकंदर के सेट पर सलमान खान को सिक्योरिटी की एक पूरी फौज तैनात है। कहा जा रहा रहा है कि सलमान खान दिवाली तक सिकंदर की शूटिंग लगातार करेंगे।

बता दें, सिकंदर को आमिर खान के साथ फिल्म गजनी कर चुके साउथ फिल्मों के डायरेक्टर एआर मुरुगदास बना रहे हैं। साजिद नाडियाडवाला के प्रोड्कशन हाउस में यह सिकंदर का निर्माण हो रहा है। फिल्म सिकंदर में सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल, सुनील शेट्टी, शर्मन जोशी, अंजिनी धवन, प्रतीक बब्बर और कटप्पा फेम सत्याराज अहम रोल में नजर आएंगे। फिल्म 30 मार्च 2025 को ईदर के मौके पर रिलीज होने जा रही है।

बता दें, सलमान खान को काले हिरण के शिकार मामले में लॉरेंश बिश्नोई गैंग बार-बार जान से मारने की धमकी दे रहा है। इस मामले में एक बार सलमान खान के घर बीती 14 अप्रैल को फायरिंग भी हो चुकी है।



# रोज जिम जाने वाले सावधान! टॉयलेट सीट से 362 गुना ज्यादा गंदे होते हैं डंबल

घर-दफ्तर ही नहीं हर जगह हमारा सामना कीटाणुओं से होता है। घर के स्विच बोर्ड, डोर हैंडल, वॉशबेसिन,पोछे के कपड़े, तकिए, तौलिए, कंघी, घर के कोने, टीवी या एसी, पानी की बोतल, फ्रिज, सोफे, फर्श, सीढ़ियों, बालकनी, टेलीफोन तक में बैक्टीरिया छुपे हैं। सबसे ज्यादा बैक्टीरिया टॉयलेट सीट पर पाया जाता है। हालांकि, एक नई स्टडी में जिम जाने वालों को सावधान किया गया है। इस स्टडी में बताया गया है कि जिम में इस्तेमाल होने वाले डंबल जैसे इक्विपमेंट पर टॉयलेट सीट की तुलना में 362 गुना अधिक बैक्टीरिया होते हैं।



### जिम में हर तरफ बैक्टीरिया

अध्ययन से पता चला है कि जिम उपकरण हानिकारक बैक्टीरिया से भरे हुए हैं, जो जिम जाने वालों के सेहत के लिए खतरनाक है। इससे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। फिटरेटेड के शोधकर्ताओं ने 27 जिम मशीनों से सैंपल इकट्ठा किए और इक्विपमेंट के हर टुकड़े पर प्रति वर्ग इंच में 10 लाख से ज्यादा बैक्टीरिया पाए गए।

### इक्विपमेंट ज्यादा खतरनाक

अध्ययन में इस बात पर जोर डाला गया है कि कई लोगों द्वारा बार-बार इस्तेमाल किए जाने के कारण जिम उपकरणों पर बैक्टीरिया पनपते हैं। कई जिमों में कीटाणुनाशक वाइप्स उपलब्ध कराने के बावजूद, इसे यूज करने वाले अक्सर उपयोग से पहले और बाद में इक्विपमेंट को साफ करने में लापरवाही करते हैं।

### बैक्टीरिया को कम करने के लिए क्या करें

खासकर बैक्टीरिया के संपर्क को कम करने के लिए मशीनों और खुद को बैक्टीरिया से बचाने के लिए सही साफ अपनाने, चेहरे को छूने से बचने और हाथों को अच्छी तरह से धोने की सलाह देते हैं। अतिरिक्त सुरक्षा के लिए वर्कआउट के तुरंत बाद जिम के कपड़े बदलने की भी सलाह दी जाती है। जहां तक वर्कआउट बाइक और ट्रेडमिल की बात है, जो जिम-एहोलिक के पसंदीदा इक्विपमेंट्स हैं। इस स्टडी में पाया गया है कि व्यायाम वाली बाइक और ट्रेडमिल में सार्वजनिक सिंक और यहां तक कि कैफेटेरिया ट्रे की तुलना में लगभग 39 और 74 गुना अधिक बैक्टीरिया होते हैं। ऐसे में सावधानी बेहद जरूरी है।

### जिम के बैक्टीरिया से खतरा

स्टडी में बताया गया कि ग्राम-पॉजिटिव कोक्सी जैसे बैक्टीरिया, जिम जाने वालों में स्किन इंफेक्शन का कारण बन सकते हैं। एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी ग्राम-नेगेटिव रॉड्स ट्रेडमिल, एक्सरसाइज बाइक और फ्री वेट पर पाए गए थे। खास तौर पर फ्री वेट में टॉयलेट सीट की तुलना में 362 गुना अधिक बैक्टीरिया मौजूद होते हैं, जबकि ट्रेडमिल में पब्लिक बाथरूम के नल की तुलना में 74 गुना अधिक बैक्टीरिया होते हैं।



# दृष्टि धामी का इंतजार हुआ खत्म प्रेग्नेंसी के 10वें महीने में बनीं मां

टीवी की मधुबाला यानी एक्ट्रेस दृष्टिधामी अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में हैं। वहीं उन्होंने एक वीडियो के जरिए अपना 10वें महीने में आने और बच्चे की डिलीवरी ना होने की नाराजगी जाहिर की थी। लेकिन अब उनकी बच्चे को देखने की ख्वाहिश पूरी हो गई है। क्योंकि उन्होंने बेटी को जन्म दे दिया है, जिसका ऐलान उन्होंने इंस्टाग्राम के एक पोस्ट के जरिए किया है, जो कि एक्ट्रेस ने पति नीरज खेमका के साथ शेयर किया। पोस्ट में उन्होंने गुड न्यूज शेयर करते हुए लिखा, सीधा स्वर्ग से हमारे दिलों में। एक पूरी नई जिंदगी एक नई शुरूआत के साथ।

इसके साथ आगे उन्होंने बेटी के जन्म की तारीख 22 अक्टूबर 2024 पोस्ट में बताई है। इस पोस्ट को शेयर करते ही फैंस और सेलेब्स ने बधाई का सिलसिला शुरू कर दिया है। इनमें शक्ति अरोड़ा, कीश्वर मर्चेंट, आदित्य सील, दिशा परमार और अन्य सेलेब्स ने बधाई हो कहते हुए न्यू पेरेंट्स को बधाई है। इससे पहले एक वीडियो दृष्टि धामी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया था, जिसमें उन्होंने जानकारी दी थी कि उनकी प्रेग्नेंसी का 10वां महीना चल रहा है और वह बेबी के आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसे देखने के बाद सेलेब्स ने रिएक्शन दिया था।

गौरतलब है कि दृष्टि धामी ने जून 14 में प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था। क्लिप में वह पति नीरज खेमका के साथ नजर आई थीं। जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि 2015 में कपल ने शादी की थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो दृष्टि धामी आखिरी बार दुरंगा सीरीज में नजर आई थीं, जिसमें गुलशन देवैया भी नजर आए थे। इससे पहले वह मधुबाला, सिलसिला बदलते रिश्तों का, गीत हुई सबसे पराई, एक था राजा एक थी रानी, परदेश में है मेरा दिल में नजर आ चुकी हैं।

# 'शादियां इतनी लंबी नहीं चलतीं', जब निम्रत कौर ने किया था अभिषेक-ऐश्वर्या की शादी पर कमेंट





बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। उड़ती-उड़ती खबरें हैं कि अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय अलग होने वाले हैं। सोशल मीडिया पर चर्चा है कि अभिषेक बच्चन ने फिल्म 'दसवीं' की शूटिंग के दौरान ऐश्वर्या राय को धोखा दिया। इस मामले पर अभी तक ना तो अभिषेक बच्चन ने कुछ कहा है और ना ही किसी और तरह का ठोस सबूत सामने आया है। गॉसिप्स हैं कि अभिषेक बच्चन का निम्रत कौर के साथ अफेयर चल रहा था।

### अभिषेक बच्चन ने दिया था निम्रत कौर को लुक

अभिषेक बच्चन ने उस इंटरव्यू में तब सवालिया नजरों के साथ निम्रत कौर की तरफ देखा था। निम्रत ने हंसते हुए कहा कि उन्होंने मजाक में यह बात कही है और उनका कोई गहरा अर्थ नहीं है। निम्रत ने साफ किया कि उनका इरादा किसी को इनसल्ट करने का नहीं है। इसके बाद मजाकिया अंदाज में सवाल-जवाबों का सिलसिला शुरू हो गया और यह इंटरव्यू काफी पॉपुलर हुआ था। अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के तलाक की खबरों के बीच हाल ही में जूनियर बी को एक पापाराजी पर नाराज होते दिखाया गया था।

### जब निम्रत कौर ने शादी को लेकर कही ये बात

इसी बीच इंटरनेट पर अभिषेक बच्चन का एक पुराना वीडियो वायरल होने लगा है जिसमें अभिषेक बच्चन अपनी फिल्म 'दसवीं' के प्रमोशन के लिए बैठे हुए हैं। जब होस्ट अभिषेक बच्चन को उनकी और ऐश्वर्या राय की लंबी चली शादी के लिए शुभकामनाएं देते हैं तो अचानक निम्रत कौर कहती हैं- शादियां इतनी लंबी नहीं चलती हैं। बता दें कि ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन की शादी 2007 में हुई थी। दोनों की शादी को 17 साल हो चुके हैं और उनकी आराध्या नाम की एक क्यूट बेटी है।

### बर्थडे पार्टी में अकेले पहुंची ऐश्वर्या राय बच्चन

ऐश्वर्या राय को अक्सर ही उनकी बेटी आराध्या के साथ स्पॉट किया जाता है। तलाक को लेकर उड़ रहीं कपल की खबरों पर अभिषेक बच्चन काफी वक्त से खामोश हैं। ऐश्वर्या राय बच्चन हाल ही में अपने कजिन सागर शेट्टी की बर्थडे पार्टी में शरीक होने पहुंची थीं। उनके साथ उनकी बेटी आराध्या को भी स्पॉट किया गया था और अब ये तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हैं। हालांकि रेडिट पर कमेंट सेक्शन में इस बात पर चर्चा गर्म है कि इन तस्वीरों में कहीं पर भी अभिषेक बच्चन क्यों नहीं नजर आ रहे हैं।

# फैबुलस लाइव्स वर्सेस बॉलीवुड वाइव्स सीजन-3 की शालिनी पासी की लाइफ स्टाइल सबसे हटकर

फैबुलस लाइव्स वर्सेस बॉलीवुड वाइव्स का तीसरा सीजन नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है। इस रिएलिटी टीवी शो में बॉलीवुड के दिग्गज सितारों की पत्नियों के ग्लैमर को दिखाया गया है। शो से दिल्ली की हसीनाएं रिद्धिमा कपूर साहनी, शालिनी पासी और कल्याणी साहा ने डेब्यू किया है। इनमें से शालिनी पासी काफी लाइमलाइट में हैं। उनके फैशन सेंस से लेकर उनके आलीशान बंगले की तक की खूब चर्चा हो रही है।

शालिनी पासी दिल्ली की रहने वाली हैं। वे अरबपति बिजनेसमैन संजय पासी की वाइफ हैं। वे म्यूजिक, डांसिंग, तीरंदाजी, शूटिंग, स्कूबा डाइविंग और फैशन तक में दिलचस्पी रखती हैं। इसके अलावा वे एक फॉर्मर स्टेट लेवल की जिमनास्ट हैं। शालिनी अब माई आर्ट शालिनी पहल और शालिनी पासी आर्ट फाउंडेशन चलाती हैं। इसके अलावा उन्होंने एमएएसएच नाम का एक ऑर्गेनाइजेशन स्थापित किया है जो हैंडक्राफ्ट और फैशन से जुड़ा है।

45 साल की शालिनी पासी एक आर्ट कलेक्टर हैं। वे दिल्ली में अपने पति संजय पासी और बेटे रॉबिन के साथ एक महल जैसे घर में रहती हैं। उनका ये आलीशान बंगला दिल्ली के सबसे प्रीमियम एरिया, गोल्फ लिंक में बना हुआ है। सॉफ्ट बूमरैंग शेप वाले उनके इस घर में कुल 14 बेडरूम हैं और घर का हर कोना खूबसूरत आर्ट पीस से सजा हुआ है। इस घर में एक बड़ा और खूबसूरत लॉन है जिसमें बड़ा-सा बुद्धा स्टैचू लगा है।

शालिनी पासी के पति संजय पासी पास्को ग्रुप के चेयरमैन हैं। फाइनेंशियल ईयर 2021-22 के लिए पास्को ग्रुप का टर्नओवर 2,690 करोड़ रुपए था। संजय पासी ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के हंसराज कॉलेज से बी।कॉम में ग्रेजुएशन किया है। इसके बाद उन्हें नवंबर 2007 से मार्च 2014 तक नई दिल्ली में लातविया गणराज्य के लिए कॉन्सूल जनरल बनाया गया था।



# अजब प्रेम की गजब कहानी थिएटर्स में 25 अक्टूबर को हो रही री-रिलीज

**रणबीर कपूर और कैटरीना कैफ स्टारर रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म अजब प्रेम की गजब कहानी एक बार फिर थिएटर पर आ रही है। राजकुमार संतोषी ने फिल्म अजब प्रेम की गजब कहानी को डायरेक्ट किया था। फिल्म की कहानी में रणबीर कपूर ने एक हरफनमौला एक्टर का रोल किया था, जो एक क्रिश्चियन लड़की कैटरीना कैफ के प्यार में गिर जाता है। फिल्म अजब प्रेम की गजब कहानी साल 2009 में रिलीज हुई थी। फिल्म के निर्माता टिप्स ने फिल्म अजब प्रेम की गजब कहानी की री-रिलीज डेट का एलान किया है।**



टिप्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कर लिखा है, प्रेम और जेनी की प्रेम कहानी को सेलिब्रेट करें, जो 25 अक्टूबर को सिनेमाघरों में लौट कर आ रही है। अब इस पोस्ट पर रणबीर और कैटरीना कैफ के फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं। कुछ यूजर्स ने लिखा है कि उन्होंने यह फिल्म साल 2009 में ही थिएटर पर देखी और अब एक बार फिर इसका एक्सपीरियंस लेंगे। वहीं, कुछ यूजर्स ने लिखा है, इस फिल्म के गाने बेहद शानदार हैं।

अजब प्रेम की गजब कहानी महज 25 करोड़ रुपये के बजट में बनी थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 133.73 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था। फिल्म 1300 स्क्रीन पर रिलीज हुई थी। फिल्म ने पहले वीकेंड में 23 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था। इस फिल्म के बाद रणबीर और कैटरीना कैफ की जोड़ी फिल्म राजनीति (2010) और जग्गा जासूस (2017) में नजर आई थी।

बता दें, कैटरीना कैफ को पिछली बार फिल्म मैरी क्रिसमस और रणबीर कपूर को मेगा ब्लॉकबस्टर फिल्म एनिमल में देखा गया था। एनिमल के बाद से रणबीर की झोली में एनिमल पार्क, ब्रह्मास्त्र 2, रामायण और धूम 4 भी है। धूम 4 को लेकर अभी पुष्टि नहीं हुई है।

# डिप्टी सीएम साव ने दी अफसरों को कार्यप्रणाली सुधारने की नसीहत, कहा- तत्परता से करें काम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कोरबा जिले के प्रभारीमंत्री अरुण साव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक प्राथमिकता से पहुँचाने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यालय आने वाले लोगों से अच्छा व्यवहार करने एवं उनके समस्याओं का निराकरण कर उन्हें राहत पहुचाने हेतु निर्देशित किया। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि प्रदेश की ऊर्जाधानी कोरबा में संसाधनों की कोई कमी नही है।**




यहां हर क्षेत्र में कार्य करने की संभावनाएं असीम है। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालयों का काम अपग्रेड हो गया है। आप सभी अधिकारी कर्मचारी भी अपनी कार्यप्रणाली को अद्यतन करें एवं नई ऊर्जा व सोच के साथ जिले को विकास की दिशा में ले जाने के लिए तत्परता से काम करें।

समीक्षा बैठक में वाणिज्य, उद्योग, व्यापार एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली-तानाखार तुलेश्वर सिंह मरकाम, विधायक रामपुर फूलसिंह राठिया, महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर, कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, डीएफओ अरविंद पीएम, कुमार निशांत, प्रभारी सीईओ जिला पंचायत व नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने सभी शासकीय कार्यालयों में साफसफाई एवं व्यवस्थित रख रखाव, नगरीय निकायों में प्रकाश व स्वच्छता की पूर्ण व्यवस्था, राजस्व प्रकरणों के निराकरण, सड़को की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन मिशन योजना लोक निर्माण, नगरीय प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री आवास, महिला बाल विकास सहित अन्य विभागों के विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय योजनाओं की बेहतर क्रियान्वयन हेतु सभी अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने के लिए कहा। अधिकारी के फील्ड में जाने से आपकी टीम कार्य करने के प्रति सचेत होती है। इसके साथ ही आपको योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत पता चलती है। फील्ड जाने पर कार्यों में गति आएगी और समस्याओं का समाधान शीघ्र होगा। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने सभी शासकीय कार्यालय परिसर के अंदर व बाहर स्वच्छता व साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने एवं फाइलों के व्यवस्थित रख रखाव हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही आमजनो से सम्मानजनक व्यवहार कर उन्हें संतोष दिलाने की बात कही। उन्होंने सभी नगरीय निकायों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। इस हेतु सार्वजनिक शौचालयों, सड़कों व नालियों की सफाई, शहर में प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों को स्वच्छता रैंकिंग में अच्छा प्रदर्शन सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को विशेष प्रयास करने निर्देशित किया।

राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने सभी लंबित राजस्व प्रकरणों को गम्भीरता से निराकृत करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण होने से आमजनो को राहत मिलता है। इस हेतु सभी अधिकारी राजस्व प्रकरण के निराकरण में प्रगति लाएं। उन्होंने सभी पटवारियों को मुख्यालय में रहने एवं आमजनों का कार्य पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को न्यायालयों में किसानों की समस्याओं को समझने और उन्हें पूरी सहूलियत प्रदान करने हेतु निर्देशित किया।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्य की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। हर घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। सभी गांवों में गुणवत्तापूर्ण कार्य होना चाहिए। साथ ही पंचायत सर्टिफाइड होने के बाद जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जल महोत्सव मनाया जाए एवं जल के बचाव के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित करें।

## मंत्री राजवाड़े ने तीन दिवसीय विशेष योगाभ्यास शिविर का किया उद्घाटन




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** योग के बराबर कोई शक्ति नहीं है। योग के माध्यम से हम जीवन की सभी कमियों को दूर कर सकते हैं। योग के द्वारा शरीर, मन, बुद्धि, विचार, व्यवहार व जीवन सबको अपने नियंत्रण में लाया जा सकता है। उक्त बातें महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने बुधवार को 65वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल मुख्यालय तुलसी बाराडेरा में तीन दिवसीय योग शिविर उद्घाटन समारोह में कही। उन्होंने कहा कि दुनिया में योग से बढ़कर कोई शक्ति नहीं है। प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भी आयोजन किया जाता है। इसके माध्यम से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सकता है। शारीरिक रोग सरल तरीके से दूर किए जा सकते हैं। कठिन परिस्थितियों में भी साहस एवं निष्ठा से अपना कर्तव्य निभा रहे जवानों की प्रशंसा की। विषम परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य पर डटे रहने वाले जवानों को छत्तीसगढ़ महतारी की ओर से अभिनंदन किया तथा सी. आर.पी.एफ कैम्प में योगाभ्यास शिविर के आयोजन को सराहना की। गौरतलब है कि 65 वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल मुख्यालय तुलसी बाराडेरा, रायपुर एवं छत्तीसगढ़ योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में 23, 24 और 25 अक्टूबर को वाहिनी के जवानों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय योगाभ्यास शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विशेष योगाभ्यास शिविर में जवानों को छत्तीसगढ़ योग आयोग के योग प्रशिक्षकों के द्वारा आसन, प्रणायाम, ध्यान एवं योग के माध्यम से मानसिक तनाव दुर करने तथा शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य लाभ हेतु विशेष योग प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# पहाड़ के ऊपर बसे गांव में पहुंचा नल तो कमार परिवारों में दौड़ी खुशी की लहर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश के सुदूरवर्ती इलाकों में ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने की दिशा में हर संभव प्रयास किए जा रहे है। इसके उत्साहजनक परिणाम भी सामने आ रहे है। गरियाबंद विकासखंड अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे ग्राम पंचायत बारूका से लगभग 11 कि.मी. दूर जंगली रास्ते से पहाड़ी के ऊपर ग्राम गहन्दर बसा हुआ है।**



पहाड़ी में बसे होने के कारण इस गांव तक जाने के लिए चट्टानों और पथरीले रास्तों से गुजरना पड़ता है। वहां तक चार पहिया वाहन नहीं जा सकता। इस क्षेत्र में अक्सर हाथी, हिरण एवं कई अन्य जंगली जीव भ्रमण करते पाये जाते हैं। ऐसे दुर्गम स्थल में बसे गांव में भी शासन की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल कनेक्शन पहुंच गया है। लोगों के घरों में नल के माध्यम से पीने का पानी मिल रहा है। इससे लोगों को काफी सहूलियत हो रही है। इससे पहले ग्रामीण पानी के लिए मौसमी नाला एवं झरना पर निर्भर रहते थे। कई बार मटमैला पानी को कई परत छानकर उपयोगी बनाकर पीने योग्य बनाते थे। हालांकि प्रशासन द्वारा ग्रामीणों के लिए कुछ दूरी पर एक हैण्डपंप लगाया गया था। जिससे पानी का उपयोग ग्रामीण करते थे।

विकट प्राकृतिक दशाओं के कारण गहन्दर में विद्युत की सुविधा नहीं पहुंच पाने के कारण जल जीवन मिशन के द्वारा सोलर स्थित नल जल योजना के तहत् हर घर में नल के साथ स्वच्छ जल पहुंचाया जा रहा है। इस गांव में विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के 11 परिवार निवास करते हैं। इनका मुख्य आजीविका का साधन वनोपज है। यहां के सरपंच छत्रपाल कुंजाम अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि ग्रामीण पहले बहुत तकलीफ से जूझ कर नाला से पानी लाया करते थे। यह परिश्रम उनके रोजाना जीवन का एक हिस्सा बन गया था। शासन प्रशासन द्वारा उठाए गए जनकल्याणकारी कदम से आज गांव में हर घर नल कनेक्शन दिया गया जा चुका है। जिससे लोग लाभांवित हो रहे है। उन्होंने शासन प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं को सुलझाने गंभीरता पूर्वक काम किया गया। जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है।

गांव की रहने वाली संतकुमारी एवं जंयती बाई के घर नल लगने के बाद पहले जो बड़ी मेहनत एवं श्रम कर दूर गांव से सब्जी भाजी लेकर आते थे, अब वे बचत पानी का सदुपयोग करते हुए अपने अपने घरों पर ही सब्जी भाजी का उत्पादन कर उपभोग कर रहे हैं। इससे महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य में वृद्धि हो रही है। घर पर नल लग जाने के बाद सकारात्मक असर दिखाई दे रहा है। ग्रामीण बचत जल का उपयोग कर पौष्टिक आहारों का सेवन कर पा रहे हैं। जयती बाई ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि अब उनके पारम्परिक कार्य भी अधिक लगन से कर पा रहे हैं।

# आयुक्त मयंक श्रीवास्तव को दी गई भावभीनी विदाई



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जनसंपर्क संचालनालय और छत्तीसगढ़ संवाद के अधिकारी-कर्मचारियों ने आयुक्त और छत्तीसगढ़ संवाद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मयंक श्रीवास्तव को उनके स्थानांतरण पर बुधवार शाम नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद कार्यालय में भावभीनी विदाई दी।

विदाई समारोह में आयुक्त मयंक श्रीवास्तव ने कहा कि जनसंपर्क आयुक्त के रूप में उनका कार्यकाल यादगार रहा। जनसंपर्क संचालनालय और छत्तीसगढ़ संवाद के अधिकारियों ने मयंक श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किए कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनसंपर्क के संचालक अजय अग्रवाल, अपर संचालक जे.एल. दरियो, उमेश मिश्रा, संजीव तिवारी, आलोक देव, संतोष मौर्य सहित जनसंपर्क संचालनालय और छत्तीसगढ़ संवाद के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# आधार ऑपरेटरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल! नहीं हो रहा समस्याओं का समाधान, गृहमंत्री को लिखा पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के आधार ऑपरेटर्स के सामने इन दिनों बेरोजगारी का खतरा मंडरा रहा है। छत्तीसगढ़ में लगभग 2000 आधार ऑपरेटर CHIPS एजेंसी के अंतर्गत विगत 7 वर्षों से लगातार आधार पंजीयन एवं अपडेशन के कार्य में सेवा दे रहे है साथ ही समय-समय पर शासन एवं UIDAI के दिये गये गाईडलाईन एवं निर्देशों का पालन कर रहे है। इन सभी को अब बेरोजगारी का खतरा सता रहा है। इसे लेकर आधार ऑपरेटर्स ने गृहमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखा है।



आधार ऑपरेटर्स ने अपने पत्र के माध्यम से कहा है कि वर्तमान UIDAI ने आधार केन्द्र को लेकर नये गाईडलाईन जारी किये हैं, जिसके अनुसार पुरे राज्य के आधार केन्द्रों को शासकीय परिसर में संचालित करते हुए In-House मॉडल में शिफ्ट किया जा रहा है। जिसमें गाईडलाईन के अनुसार आधार केन्द्रों में आधार किट एजेंसी CHIPS के द्वारा आधार केन्द्रों को मुहैया कराई जायेगी। परंतु वर्तमान में CHIPS एजेंसी के पास लगभग मात्र 400 आधार किट ही है परंतु वर्तमान में राज्य के लगभग 2000 आधार केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं। ऐसे में लगभग 1600 आधार केन्द्र बंद होने की स्थिति बन रही है, जिससे 1600 लोग बेरोजगारी की कगार में है।

आधार ऑपरेटर्स का कहना है कि कुछ दिन पहले एजेंसी के द्वारा आधार केन्द्रों को In-House मॉडल में शिफ्ट करने हेतु जिला स्तर पर एग्रीमेंट कराया गया है। जिसमें आधार संचालकों ने अपना स्वयं का आधार किट जो उन्होंने खुद ही क्रय किया है। उसे निःशुल्क एजेंसी को सौंप कर कार्य करनें हेतु अपनी सहमति प्रदान की है। परंतु इस पर एजेंसी CHIPS एवं UIDAI के द्वारा किसी प्रकार कि प्रतिक्रिया नहीं दी जा रही है। एजेंसी का कहना यह है कि मशीनें एजेंसी की होगी तभी आप कार्य कर पायेंगे अन्यथा नही कर पायेंगे। राज्य के सभी आधार ऑपरेटरों का कार्य संकट की स्थिति में पहुंच गई है।

आधार ऑपरेटर्स का कहना है कि आधार में कार्य कर रहे राज्य के समस्त आधार संचालक जिनका नये एवं अनिवार्य अपडेट का कमीशन भुगतान पूर्व में दिसम्बर 2022 तक का भुगतान ज्यादातर पुराने आधार संचालकों को किया गया है। जबकि 2-3 वर्ष पूर्व जो नये आधार केन्द्र प्रारंभ किये गये है. उनमें से बहुत कम आधार संचालकों का भुगतान हुआ है। जिससे आधार संचालकों में भुगतान के संबंध में जानकारी अस्पष्ट है। इस संबंध में जनवरी 2023 से सितम्बर 2024 का भुगतान समस्त आधार संचालकों ने इसकी जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है। इन सभी बिन्दुओ पर आधार ऑपरेटर्स संघ के द्वारा समय-समय पर आवेदन किया गया जिसका गोलमटोल जवाब मिला। जिम्मेदारों ने समय पर समय मांगा गया और हमने अपनी धैर्यता का सबुत देते हुए 2022 से आज तक कई बार समय दिया लेकिन CHIPS एवं UIDAI द्वारा हमारे प्रति उदासिनता एवं सही कर्तव्यों का पालन न होने के कारण हम सभी आधार आपरेटर आज अपनी मांगो को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने को विवश हो चुके है। हमारी सभी मांगो के पुरा होने तक हड़ताल जारी रहेगी। जिसकी वजह से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ जैसे सबसे महत्वपूर्ण योजना शिक्षा विभाग से संबंधित अपार आई.डी., राशन कार्ड के.वाय.सी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, 5 प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान), प्रधानमंत्री ई श्रम योजना, प्रधानमंत्री मानधन योजना, एवं राज्य शासन की सेवाएं पूरी तरह से बाधित होगी उसकी ज़िम्मेदारी पूरी आपकी होगी।

# संपत्ति संबंधी धोखाधड़ी रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है सुगम ऐप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जनता को ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें देने तथा उन्हें लाभान्वित करने के लिए कई सुधार कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वित्त एवं पंजीयन मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश में रजिस्ट्री प्रक्रिया को पारदर्शी और जनता के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से 'सुगम ऐप' का शुभारंभ किया गया है। इस ऐप को 21 अक्टूबर से लागू किया गया, जिसके बाद से राज्य में 1200 से अधिक रजिस्ट्री की जा चुकी हैं।

वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि सरकार नागरिक सशक्तीकरण के लिए आगे भी रजिस्ट्री कार्य में अधिकाधिक टेक्नॉलाजिकल अनुप्रयोग तथा प्रक्रियागत सुधार की दिशा में प्रतिबद्ध है। सुगम ऐप संपत्ति संबंधी धोखाधड़ी रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्राय: ऐसी शिकायतें आती है कि रजिस्ट्री के पश्चात एक सामान्य आदमी कई प्रकार से फर्जीवाड़ा का शिकार हो जाता है। रजिस्ट्री दस्तावेज में दिया गया सम्पत्ति विवरण तथा मौके की स्थिति में अंतर होता है। एक सम्पत्ति कई लोगों को बेच दी जाती है। जिस जमीन का रजिस्ट्री किया जाता है, वह जमीन वास्तव में अस्तित्व में नहीं होती। ऐसी घटनाएं भी प्रकाश में आती रहती है कि रोड, रास्ता, उद्यान आदि की जमीन बेच दिया गया है। मौके में जितनी जमीन उपलब्ध है, उससे अधिक रकबा बेच दिए जाने की घटनाएं भी होती रहती है। ऐसी घटनाओं से आपसी लड़ाई-झगड़े तथा कोर्ट-कचहरी के मुकदमेबाजी में वृद्धि होती है।

सुगम ऐप में पक्षकार को रजिस्ट्री के प्रकिया के दौरान अपना मोबाइल लेकर उस जगह में जाना होगा, जिस स्थान की रजिस्ट्री किया जा रहा है। उस स्थान में जाकर सुगम ऐप खोलकर ऐप में निर्देशित तीन कोणों अर्थात् सम्पत्ति के सामने, दाएं और बाएं से उस स्थान का फोटो लेना होगा। वह फोटो स्वत: ही रजिस्ट्रार के माड्यूल में ट्रांसफर हो जाएगा। उस स्थान की भौगोलिक स्थिति अर्थात् अक्षांश व देशांतर की स्थिति रजिस्ट्री पेपर में फोटो के साथ दर्ज हो जाएगी। इस प्रकार संपत्ति की वास्तविक भौगोलिक स्थिति का निर्देशांक रजिस्ट्री पेपर में स्थायी रूप से अंकित रहेगा, जिससे पक्षकार कभी भी उस स्थान पर जाकर संपत्ति की पहचान कर सकता है।

'सुगम ऐप' के माध्यम से सरकार को राजस्व नुकसान पहुँचाने की घटनाओं को भी नियंत्रित किया जाएगा। सुगम ऐप के द्वारा इस प्रकार की घटनाओं पर विराम लगेगा। सुगम ऐप से संपत्ति की वास्तविक संरचना के संबंध में ज्ञात हो सकेगा, जिससे भवन, रोड, फैक्ट्री आदि संरचनाओं को छुपाया नहीं जा सकेगा।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर, अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### अनियंत्रित होकर पलटी स्कार्पियो, एक ग्रामीण की मौत और कई घायल

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान एक ग्रामीण की मौत हो गई। वहीं, कई अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक, धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आमापाली गांव के पास बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे एक तेज रफ्तार स्कार्पियो क्रमांक सीजी 15 डीएन 1588 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। बताया जा रहा है कि इस घटना में एक ग्रामीण की मौत हो गई है। वहीं कई लोग घायल हो गए हैं। स्कार्पियो सवार सभी ग्रामीण चंद्रपुर से देवी दर्शन करके सूरजपुर की तरफ जा रहे थे। वे आमापाली गांव के पहुंचे ही थे, तभी अचानक मोड़ में रास्ता नहीं दिखने के कारण वाहन चालक अपने वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और यह घटना घटित हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस जगह पर पहले भी इस तरह की घटना हो चुकी हैं। स्कार्पियो पलटने की घटना के बाद स्थानीय लोगों ने धरमजयगढ़ पुलिस को घटना से अवगत कराते हुए घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

### दुकान के सामने पेशाब करने पर मुखबधिर को जलाया, इलाज के दौरान मौत

**जगदलपुर।** जशपुर जिले के डुडुगजोर गांव में एक नाबालिग द्वारा नशे की हालत में एक मूकबधिर युवक पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की गंभीर घटना सामने आई है। झुलसे युवक को गंभीर अवस्था में रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मृत्यु हो गई।

घटना की पुष्टि करते हुए पुलिस कप्तान जशपुर शशिमोहन सिंह ने अमर उजाला को बताया कि 17 अक्टूबर प्रेमसाय राठिया अपने नाबालिग दोस्त के साथ कथित रूप से शराब पिया और नाटक देखने के बाद अपने रिश्तेदार के घर रुका था। दूसरे दिन सुबह को शराब के नशे में उसने नाबालिग दोस्त के दुकान के सामने पेशाब कर दिया और वहीं सो गया। इस पर नाबालिग आरोपी ने गुस्से में आकर दुकान से पेट्रोल निकाला और अपने दोस्त के शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया।जिसे पत्थलगांव से ईलाज के लिए रायपुर मेकाहारा अस्पताल ले जाया गया।जहां आज 23 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई।पीड़ित के भाई प्रकाश राठिया की शिकायत पर पुलिस ने नाबालिग के खिलाफ विधि अनुकूल अपराध दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### युवक की धारदार हथियार से हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**राजनांदगांव।** कोतवाली थाना क्षेत्र में युवक की धारदार हथियार से हत्या का मामला सामने आया है। अज्ञात आरोपी ने पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया है। मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा। पुराना रेस्ट हाउस के पास पूरी घटनाक्रम को अंजाम दिया गया। कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया की थाना कोतवाली को सूचना मिली कि व्यक्ति गंभीर अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही तत्काल पेट्रोलियम टीम ने मौके पर पहुंचकर व्यक्ति को पेंड्री मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# वार्ड परिसीमन का रास्ता साफ, हाईकोर्ट ने सभी याचिकाएं की खारिज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** वार्ड परिसीमन के खिलाफ दायर सभी याचिकाओं को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने याचिकाओं को आधारहीन पाया। इस फैसले के साथ ही निकाय चुनाव से पहले वार्ड परिसीमन का रास्ता साफ हो गया है। बता दें कि कोर्ट ने इससे पहले बिलासपुर और राजनांदगांव नगर निगम के साथ ही तखतपुर, कुम्हारी और बेमेतरा नगर पालिका में होने वाले वार्डों के परिसीमन पर रोक लगा दी थी। मामले की सुनवाई जस्टिस पीपी साहू की सिंगल बेंच में हुई, कोर्ट से आये फैसले के बाद राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली है।

बिलासपुर सहित प्रदेश के अन्य नगरीय निकायों में वार्डों के परिसीमन को लेकर अलग अलग 50 से अधिक याचिकाएं हाईकोर्ट में लगाई गई थीं। इसमें से 7 याचिकाओं पर हाईकोर्ट ने स्टे देते हुए परिसीमन पर रोक लगा दी थी। पिछली सुनवाई में 13 याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने मंगलवार को फैसला देते हुए सभी को खारिज कर दिया है।



परिसीमन के खिलाफ दायर याचिकाओं पर याचिकाकर्ताओं का कहना था कि राज्य सरकार ने प्रदेश भर के निकायों के वार्ड परिसीमन के लिए जो आदेश जारी किया है, उसमें वर्ष 2011 की जनगणना को आधार माना गया है। याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने इसके पहले वर्ष 2014 और 2019 में भी वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन का कार्य किया है। जब आधार एक ही है तो इस बार क्यों परिसीमन कराया जा रहा है। यह याचिका बिलासपुर में पूर्व कांग्रेसी विधायक शैलेश पांडेय और कांग्रेस के चार ब्लॉक अध्यक्ष विनोद साहू, मोती थारवानी, जावेद मेमन, अरविंद शुक्ला ने तो तखतपुर से टेकचंद कारड़ा ने दायर की थी।

मामले की सुनवाई दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि जनसंख्या के आधार पर पहले भी परिसीमन किया गया है। कभी भी कोई आपत्ति नहीं आई। इस बार जान बूझकर ऐसा किया जा रहा है ताकि प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सके। इस पर कोर्ट ने पूछा कि वर्ष 2011 की जनगणना को वर्तमान परिदृश्य में आदर्श कैसे मानेंगे? दो बार परिसीमन कर लिया गया है तो तीसरी बार परिसीमन क्यों किया जा रहा है? इस पर सरकार की ओर से कहा गया कि परिसीमन से पहले पूरी प्रक्रिया और नियमों का पालन किया गया है।

# एक प्लेट बिरयानी के लिए दुश्मन बना दोस्त, पीट-पीटकर हत्या

## छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर की घटना, पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर दहला देने वाली घटना सामने आई है। खाने को लेकर विवाद में एक दोस्त ने दूसरे दोस्त की हत्या कर दी। मामला अंबिकापुर थाना क्षेत्र के श्रीगढ़ इलाके का है। दरअसल एक दोस्त के अकेले बिरयानी खाने से दूसरा दोस्त नाराज हो गया और गुस्से में आकर पीट पीट कर अधमरा कर दिया और फरार हो गया को घायल दोस्त को आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन इलाज के दौरान घायल दोस्त ने दम तोड़ दिया।

घटना के संदर्भ में पुलिस ने बताया कि जगदीश सारथी और अमरेश एक्का दोनों मजदूरी का काम करते थे। काम से लौटने के बाद दोनों एक साथ खाना खाते थे। दोनों को ही खाने मे बिरयानी काफी पसंद थी। वारदात वाले दिन मृतक जगदीश सारथी मजदूरी का काम जल्द खत्म कर कमरे पर लौट आया। आते वक्त वो अपने साथ बिरयानी भी पार्सल कराकर घर लाया था। दूसरा दोस्त अमरेश एक्का जबतक घर आता उसने अकेले ही बिरयानी खाकर खत्म कर दी।



### वाद विवाद के बाद दोनों में शुरू हुई मारपीट

दूसरा दोस्त शराब लेकर घर लौटा तो देखा कि उसका दोस्त बिरयानी खाकर लेटा है। इस बात पर दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ। वाद विवाद के बीच देखते ही देखते दोनों में हाथापाई शुरु हो गई। इसी क्रम में अमरेश एक्का ने अपने दोस्त जगदीश सारथी पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में सारथी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। दोस्त के जख्मी होते ही आरोपी डर गया। उसने तुरंत उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रायपुर रेफर किया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### अपने हिस्से की बिरयानी खत्म होने पर हुआ नाराज

पुलिस ने बताया कि दोनों दोस्त पल्लेदारी का काम करते थे। दोनों एक साथ श्रीगढ़ में किराए का मकान लेकर साथ रहे। वारदात वाले दिन आरोपी ने सारथी से कहा कि वो शराब लेकर वापस आ रहा है वो उसका इंतजार करे। जब वो आ जाएगा तो दोनों साथ बैठकर बिरयानी खाएंगे। आरोपी के जाते है भूखा दोस्त सारथी बिरयानी खाने लगा। भूख ज्यादा होने के चलते उसने दोस्त के हिस्से की भी बिरयानी खत्म कर दी। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और आरोपी अमरेश ने सारथी पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है।

### बिरयानी खत्म होने पर हुआ आक्रोशित

खाने के लिए दोनों ने बिरयानी खरीदी थी। एक दोस्त शराब लेने चला गया जबकी दूसरा घर पहुंचकर बिरयानी खाने लगा। आरोपी ने जब देखा कि उसके हिस्से की बिरयानी भी खत्म हो चुकी है तो उसने मृतक पर जानलेवा हमला कर दिया।

*-अमलोक सिंह ढिल्लो, एसपी सरगुजा*



# झारखंड में चुनाव नहीं लड़ पाएगा गैंगस्टर अमन, नहीं मिली अनुमति



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कारोबारियों से रंगदारी वसूलने गोलीबारी करवाने वाला गैंगस्टर अमन साव विधानसभा चुनाव नहीं लड़ पाएगा। अमन की चुनाव लड़ने और नामांकन दाखिल करने के लिए हाईकोर्ट में अर्जी दी थी। कोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी है। झारखंड हाईकोर्ट ने भी उसके खिलाफ तल्ख टिप्पणी की है। अमन को अभी रायपुर की जेल में ही रहना पड़ेगा।

झारखंड में आने वाले कुछ दिनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। अमन ने जेल में रहते हुए वहां चुनाव लड़ने की योजना बनाई थी। इसके लिए उसके अधिवक्ता हेमंत कुमार झारखंड से नामांकन फार्म लेकर रायपुर पहुंचे थे। अमन बड़कागांव विधानसभा से चुनाव लड़ना चाहता था। उसके अधिवक्ता ने रायपुर कोर्ट में नामांकन फार्म पेश किया। यहां की कोर्ट ने उन्हें हाईकोर्ट से अनुमति लेने के निर्देश दिए। सोमवार को अमन के अधिवक्ता ने बिलासपुर हाईकोर्ट में चुनाव लड़ने को लेकर अर्जी दायर कर अनुमति मांगी। इस पर बुधवार को सुनवाई हुई। सरकारी अधिवक्ता ने अमन की अर्जी का विरोध किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने अमन की अर्जी खारिज कर दी है। तेलीबांधा स्थित पीआरए दफ्तर के बाहर गोलीकांड के बारे में पुलिस पिछले दो दिनों से गैंगस्टर अमन साव से पूछताछ कर रही है। अमन ने अधिकारियों को बयान दिया है कि उसने यहां गोलीबारी के लिए शूटर नहीं भेजा था।

अमन ने बताया कि रंगदारी से जो पैसा आता है। वह हवाला के माध्यम से विदेश जाता है। पैसा गैंग के सदस्यों में बंट जाता है। इसके अलावा कानूनी लड़ाई और वकीलों के लिए अलग से पैसों को रखा जाता है। झारखंड में उनकी एक लीगल टीम भी है। देश में कहीं भी केस दर्ज होने पर उनके वकील जाकर कोर्ट में खड़े होते हैं या फिर स्थानीय वकील से संपर्क करते है। गैंग में सबका काम बंटा हुआ है।

### घर में भूत-प्रेत का डर दिखाकर कैंसर पीड़ित महिला से की ठगी

**रायपुर।** विधानसभा इलाके में रहने वाली एक महिला से घर में भूत-प्रेत का साया होने का झांसा देकर दो महिलाओं ने तीन लाख से ज्यादा की ठगी कर ली। पीड़िता महिला से आरोपी महिलाओं ने दो तोले का सोने का सिक्का मंगाया। उसे रखकर पूजा करने का झांसा दिया। सिक्का लेकर चली गई। पूजा के बाद भी महिला की तबीयत ठीक नहीं हुई। महिला ने इसकी मोवा पंडरी थाने में शिकायत की।

पुलिस के अनुसार विधानसभा इलाके में एस त्रिपाठी रहती हैं। उन्हें कैंसर हैं, इलाज चल रहा है। घर पर भी कुछ ठीक नहीं चल रहा है। कुछ माह पहले उनकी पूजा नाम की महिला से दोस्ती हुई। वह उनके घर आने-जाने लगीं। इसी दौरान पूजा ने कहा कि वह हीलिंग कराती हैं। उसने त्रिपाठी की परेशानी सुनी। उनसे पूजा कराने के लिए कहा। उसने 21 हजार रुपए लिए। कुछ दिन बाद पूजा ने त्रिपाठी को कहा कि उनके घर पर भूप-प्रेत का साया है। इसलिए घर से बाधा नहीं जा रही है। उसने पूजा कराने के लिए 51 हजार रुपए लिए। फिर उसने त्रिपाठी को पितृ दोष बताया और पूजा के लिए दो तोला सोने का सिक्का मांगाया। उसने सिक्का लाकर दिया।

# हथकरघा गोडाउन में 10 हजार किलो धागा चोरी, 2 व्यापारी गिरफ्तार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर में केंद्रीय हथकरघा गोदाम से करीब 10 हजार किलो कपड़े बनाने वाले धागे की चोरी हो गई। इस धागे की चोरी गोदाम के ही एक मजदूर ने की है। पुलिस ने इस मामले में दो दुकानदारों को गिरफ्तार किया है। जिन्होंने इस चोरी के माल को जानते हुए उसे कम भाव में खरीदा था। मामला खमतराई थाना क्षेत्र का है।

खमतराई थाना प्रभारी एस एन सिंह के मुताबिक, छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विकास का केंद्रीय गोदाम भानपुरी में स्थित है। जहां से 19 जिलों के 324 बुनकर सहकारी समिति को कपड़े बनाने के लिए धागा दिया जाता है। 22 जून 2024 को शाम 7:30 के आसपास गोदाम में काम करने वाला एक मजदूर मिथिलेश श्रीवास दो गाड़ियां लेकर गोदाम के दरवाजे पर आता है। अपने साथ वह मजदूर भी लेकर आता है।

श्रीवास ने गोदान में रखे हुए धागे को मजदूरों की मदद से गाड़ियों में भर लिया। यह धागे 9600 किलो जिसकी कीमत करीब 25 लाख रुपए थी। जब गोदाम के स्टॉक का मिलान किया गया तो इस पूरे मामले का खुलासा हुआ। इस मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए चोरी का माल खरीदने वाले आरोपी संजय कुमार देवांगन और जितेंद्र कुमार देवांगन से करीब 12 लाख का माल बरामद कर लिया। यह दोनों जांजगीर-चांपा के रहने वाले है।

### एसपी ने नाइट गश्त में लगे एसआई को किया सस्पेंड

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले के साजा में 21 अक्तूबर की रात एक हार्डवेयर दुकान से 4.75 लाख रुपये व तीन नग मोबाइल फोन की चोरी हुई थी। चोरी के बाद चोरों का सीसीटीवी में डांस करते वीडियो सामने आया। इस मामले में अब तक चोर गिरफ्त से बाहर हैं। वहीं, मौके पर बेमेतरा एसपी रामकृष्ण साहू पहुंचे। इस दौरान उन्होंने साजा थाना के सहायक उपनिरीक्षक बनवाली राम सोनकर को सस्पेंड कर दिया। क्योंकि, वारदात की रात इसी क्षेत्र में एएसआई बनवाली राम सोनकर की नाइट गश्त में ड्यूटी लगी थी। इसके बाद भी यहां चोरी की वारदात हुई है। एएसआई को पुलिस लाइन बेमेतरा में अटैच किया गया है।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रिसाली**

जावक क्र. 216 — // आम सूचना // — रिसाली, दिनांक 22.10.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम, रिसाली क्षेत्रांतर्गत अवैध कॉलोनियों का नगर पालिक निगम (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बंधन तथा शर्त) नियम 2013 के नियम 15 (क) अंतर्गत 31 जुलाई 2019 तक अस्तित्व में आयी अनाधिकृत कॉलोनियों की नियमितीकरण किये जाने हेतु अभिन्यास तैयार किया गया है, जिस हेतु संबंधित क्षेत्र के भूस्वामी / निवासियों से उक्त स्थल के तैयार अभिन्यास में आपत्ति/सुझाव दिनांक 13.11.2024 तक आमंत्रित किया जाना है। उक्त प्रस्तावित कालोनियों का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | स्थल / कॉलोनी का नाम | खसरा क्र. | रकबा |
|---|---|---|---|
| 01 | अवधपुरी रिसाली | 620, 621 | 1.541 हेक्टेयर |

उक्त निर्धारित अवधि के भीतर अपनी आपत्ति / सुझाव लिखित रूप से कार्यालय, नगर पालिक निगम, रिसाली के कक्ष क्र. 09 भवन अनुज्ञा शाखा में भवन निर्माण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उक्त निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम रिसाली

**कार्यालय प्रभारी चिकित्साधिकारी सिविल अस्पताल**
**सुपेला, भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.)**
civilhospitalsupela@gmail.com
Cont.- 0788-4912255

क्रमांक/सि.अ./निविदा/2024/1281 — सुपेला, दिनांक 22.10.24

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय सिविल अस्पताल, सुपेला, भिलाई, जिला- दुर्ग में सायकल/मोटर स्टैण्ड के संचालन हेतु निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अधिकृत/ संस्था/ समूह पंजीकृत संस्था इत्यादि उल्लेखित तिथि अनुसार आमंत्रित किया जाता है, जिसका नियम एवं शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक कार्यालय सिविल अस्पताल, सुपेला, भिलाई, जिला- दुर्ग से प्राप्त किया जा सकता है.

1. निविदा प्रपत्र मूल्य - रु. 1000.00 (वापसी आयोग्य)
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 22.11.2024 दोपहर 03:00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 26.11.2024 दोपहर 12:00 बजे तक
4. निविदा खोले जाने की तिथि - 26.11.2024 दोपहर 01:00 बजे

सीलबंद निविदाएं, कार्यालय सिविल अस्पताल, सुपेला, भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन-490023 के नाम से रजिस्टर्ड पोस्ट/ स्पीड पोस्ट/ कोरियर से कार्यालय में अंतिम तिथि तक पहुंच जाने चाहिए, समय पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा, वह स्वमेव निरस्त मानी जावेगी. लिफाफे के ऊपर विषय अनिवार्य रूप से लिखा होना चाहिए.

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तित किया जा सकता है, जिसकी सूचना कार्यालय के सूचना पोर्टल में चस्पा कर दी जावेगी.

(निविदा शर्तों का सही व पूर्णतः अध्ययन करने के बाद ही निविदा में भाग लें.)

जी-242503382/4

प्रभारी चिकित्साधिकारी
सिविल अस्पताल सुपेला, भिलाई
जिला- दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई**
(संपत्तिकर विभाग)

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2024/588/204 — भिलाई, दिनांक 22/10/2024

//स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना //

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध मे कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकार्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद मे प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा:-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. श्रीमती निशात परवीन, ध.प. स्व. अबू फजल खालिद, 2. ना.बा. आयशा फरहा, आ. स्व. अबू फजल खालिद, 3. ना. बा. आयशा उजमा, आ. स्व. अबू फजल खालिद, दोनो ना.बा. के तरफ से वली पालक मां श्रीमती निशात परवीन, ध.प. स्व. अबू फजल खालिद, निवासी- मकान नं.- 248, नूरी मस्जिद के पास, फरीद नगर कोहका, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती गुलनूर निशा, ध.प. श्री मोहम्मद शाहिद, निवासी- सोनू किराना स्टोर्स, ओल्ड परासिया नाका, छिंदवाडा, जिला- छिंदवाडा (मध्यप्रदेश) | बिक्रीनामा | कोहका, फरीद नगर कोहका वार्ड, वार्ड नं.- 07, 'फरीद नगर अंदर भाग भिलाई, खसरा नं.- 3139/1, रकबा- 400 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 2. | श्री आर. सुरेस कुमार, पिता- स्व. श्री एम.जी. रामाकृष्णन, निवासी- थिट्टमेल, चिन्मया स्कूल के पास, चेंगनूर, केरल | श्रीमती सुचेता शुक्ला, ध.प. श्री सचिन देव शुक्ला, निवासी- वार्ड नं.- 03, नेहरू नगर (पूर्व), भिलाई तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोसा नगर वार्ड क्र.-03, भिलाई (नेहरू नगर पूर्व आवासीय) अंदर भाग भिलाई, प्लाट/भूखंड क्र.- 11, ब्लाक क्र.-92, क्षेत्रफल-135.00 वर्गमीटर, आवासीय भवन निर्मित। |
| 3. | 1. श्री चंद्रेश शर्मा, आ. श्री गणेश दत्त शर्मा, के तरफ से आम मुख्तार श्रीमती प्रज्ञा शर्मा, ध.प. श्री गणेश दत्त शर्मा, 2. श्रीमती मधु शर्मा, ध.प. श्री गणेश दत्त शर्मा, निवासी- एम.आई.जी.-I/990, हुडको भिलाई नगर, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती स्नेहलता घुड़सवार, ध.प. श्री राजेश कुमार घुड़सवार, निवासी- C/o रामकृष्ण नगर वार्ड क्र. 13, नन्दिनी नगर, अहिवारा, तहसील अहिवारा, जिला- दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | खम्हरिया, स्मृति नगर वार्ड क्र. 02 (चौहान ग्रीन वैली) भिलाई, फ्लैट नं.- 33 (पंचम तल), ब्लॉक नं.-ई. 2, खसरा नं.- 15001/1, क्षेत्रफल- 501. 99 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 4. | श्री अभय नारायण सिंह, आ. श्री श्रीपति नारायण सिंह, निवासी- 103, शुभम विला मेडीसाईन हास्पिलट के पास, न्यू राजेन्द्र नगर, अमलीडीह, रायपुर, तह. व जिला- रायपुर (छ.ग.) | श्री सचिन जैन, आ. श्री निर्मल जैन, निवासी- विनीत प्रोव्हिजन स्टोर्स शॉप नं. -09, हास्पिटल सेक्टर-9, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, वार्ड नं.- 1 जुनवानी वार्ड अंतर्गत पुष्पक नगर अंदर भाग भिलाई, खसरा नं.- 386/7, रकबा- 1800 वर्गफीट। |
| 5. | श्री गुरप्रीत सिंह, आ. श्री गुरनाम सिंह, निवासी- प्लाट नं.-03, ब्लाक-06, पंडित दीनदयाल पुरम खुर्सीपार, भिलाई. तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती रीमा देवांगन ध.प. श्री राजेश कुमार देवांगन, निवासी- फ्लैट नं.- 310, सुंदर विहार, कालोनी कैलाश नगर हा. बो. भिलाई तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कुरूद, वार्ड नं.-16, कुरूद वार्ड अंतर्गत सुन्दर विहार-फेस-2 अंदर भाग भिलाई, प्लाट नं.- 19, खसरा नं. - 1383/22, रकबा- 660 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 6. | स्व. श्री नोहर सिंह देवांगन, आ. स्व. श्री सखा राम देवांगन, निवासी- म.न.-53, सुन्दर विहार कॉलोनी, कुरूद भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | 1. श्रीमती चम्पा देवी देवांगन, पति स्व. श्री नोहर सिंह देवांगन, 2. मीनाक्षी देवांगन, पिता स्व. श्री नोहर सिंह देवांगन, 3. सुरेन्द्र मोहन देवांगन, पिता स्व. श्री नोहर सिंह देवांगन, निवासी- म.न.-53, सुन्दर विहार कॉलोनी, कुरूद भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | वारिसान | कुरूद, वार्ड क्र.- 22, म.न.-53, सुन्दर विहार कॉलोनी, कुरूद भिलाई, खसरा नं.- 1420/61, क्षेत्रफल- 3000 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 7. | स्व. श्री स्वरूप कृष्ण चक्रवर्ती आ. स्व. श्री कार्तिक चंद्र चक्रवर्ती, निवासी- सी 2/152, सूर्यविहार कॉलोनी जुनवानी, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) | 1. श्रीमती सास्वती चक्रवर्ती पति स्व. श्री स्वरूप कृष्ण चक्रवर्ती, 2. सहायक चक्रवर्ती पिता स्व. श्री स्वरूप कृष्ण चक्रवर्ती, 3. सायन चक्रवर्ती, पिता स्व. श्री स्वरूप कृष्ण चक्रवर्ती, निवासी- सी 2/152, सूर्यविहार कॉलोनी जुनवानी, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.) | वारिसान | जुनवानी, वार्ड क्र.-01, सी 2/152, सूर्यविहार कॉलोनी जुनवानी भिलाई, खसरा नं.- 726/13 एवं 727/14, रकबा- 0.020 हे., आवासीय भवन निर्मित। |
| 8. | "चौहान हाउसिंग" (चौहान ग्रीन वैली) अपोजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, प्रोपराईटर -श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान, निवासी- राजीव नगर, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1. श्रीमती पुष्पा सिंह, ध.प. श्री गिरीश सिंह, 2. श्री गिरीश सिंह, आ. स्व.श्री गोरख सिंह, निवासी- क्वा.-6ए, स्ट्रीट-28, सेक्टर-08, भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड नं.-01,"चौहान हाउसिंग" चौहान ग्रीन वैली, खम्हरिया, जुनवानी भिलाई, फ्लैट नं.-01, ब्लॉक-D/3, प्रथम तल, क्षेत्रफल- 663.27 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |

उपायुक्त (संपत्तिकर)
नगर पालिक निगम भिलाई












# मुख्यमंत्री ने बिजली सखियों को बांटे बिजली किट ग्रामीणों की सुविधा के लिए खुलवाई बैंक की शाखा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में बगीचा विकास खंड की स्व-सहायता समूहों की 21 बिजली सखियों को बिजली किट प्रदान किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने महिलाओं को बेहतर ढंग से काम करने के लिए उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय भी उपस्थित थी। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार देकर उनके आय में वृद्धि करने के लिए सार्थक पहल की जा रही है। बिजली सखी योजना पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिला प्रशासन और जनपद पंचायत बगीचा के संयुक्त प्रयास से लागू किया जा रहा है। बिजली सखी अंतर्गत महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। बिजली विभाग के पास मीटर रीडर की कमी के कारण उपभोक्ताओं के बिजली मीटर की नियमित रीडिंग नहीं हो पाती है। इससे उपभोक्ताओं को एक साथ अधिक बिजली बिल का भुगतान करना पड़ता है।**






जिला प्रशासन द्वारा स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मीटर रीडिंग का प्रशिक्षण देकर उन्हें बिजली सखी बनाया गया है। बिजली सखी के द्वारा नियमित रूप से मीटर रीडिंग किया जाएगा। इस पहल से विद्युत उपभोक्ताओं को नियमित बिजली का बिल मिलेगा, जिससे वे कम बिल का भुगतान कर पाएंगे। साथ ही एक घर में मीटर रीडिंग करने से बिजली सखी को 12 रूपए बिजली विभाग के द्वारा भुगतान किया जाएगा। इससे समूह की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध होगा और उन्हें नियमित आय होगी। इससे बिजली सखी के रूप में जनपद क्षेत्र में लखपति दीदी की संख्या भी बढ़ेगी। जशपुर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 21 महिलाओं को बिजली सखी बनाया गया है। जिला में 300 महिलाओं को बिजली सखी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

स्वसहायता समूहों को दिए चेक

मुख्यमंत्री श्री साय ने कैम्प कार्यालय बगिया से फरसाबहार विकास खंड के जोरण्डाझरिया ग्राम पंचायत अन्तर्गत ग्राम भेलवां में यूको बैंक की नई शाखा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 40 स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों को 24 लाख का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा मिलने पर अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन की दृष्टि से यह कदम महत्वपूर्ण है। इससे फरसाबहार और उसके आसपास के ग्रामीणों को बड़ा लाभ मिलेगा। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में भी सहुलियत होगी। स्थानीय निवासियों को बैंक से जुड़े दैनिक कार्यों के लिए अब और अधिक सुविधा मिल सकेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में फरसाबहार विकासखंड के जोरण्डाझरिया की 4 स्व सहायता समूह की महिलाओं को 6-6 लाख के मान से 40 महिला सदस्यों को रोजगार करने के लिए 24 लाख का चेक प्रदान कर शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की पहल पर महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाएं सब्जी की खेती और व्यापार के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। वे आचार पापड़, रेशम विभाग से जुड़कर कोसा कार्य और अन्य रोजगार कर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

## बिजली कर्मियों को सीएम साय की सौगात, दीवाली पूर्व 12 हजार बोनस देने की घोषणा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चयनित कनिष्ठ यंत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने विद्युत कर्मियों को 12 हजार रूपये तक बोनस/एक्सग्रेसिया दीपावली के पूर्व देने की घोषणा की। साथ ही 'मेरा घर-पीएम सूर्यघर' जनजागरण अभियान की शुरूआत की। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश में वर्ष 2027 तक 5 लाख घरों में रूफटाप सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य दिया।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली का यह त्यौहार रोशनी का त्यौहार है, रोशनी बांटने का त्यौहार है, और विद्युत कर्मियों से बढ़कर भला ''रोशनी बांटने वाला'' कौन हो सकता है। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि दीपावली के समय आप लोगों का काम बहुत बढ़ जाता है, लेकिन आपने हर ऐसे अवसर पर बहुत सुंदर तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। इस बार भी मुझे आपसे यही आशा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकसित भारत के आव्हान के अनुरूप हमने भी विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का संकल्प लिया है। हमें राज्य की अधोसंरचना को मजबूत करते हुए एक सुदृढ़ अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। आने वाले दिनों में राज्य के कृषि और उद्योग के क्षेत्रों में तेज प्रगति होगी। ऐसे में हमें और भी अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य की विद्युत कंपनियों पर आने वाले समय में दायित्वों का और अधिक भार होगा, इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार सभी कंपनियों को सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। 375 कनिष्ठ अभियंताओं की नियुक्ति से जाहिर है कि आगे भी बिजली कंपनियों में अधिकारियों-कर्मचारियों की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जनजागरण सामग्रियों का विमोचन तथा लोकार्पण किया। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए रूफटॉप सोलर एक्प्लोरर एप का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हितग्राहियों के घरों के आगे लगने वाली नाम-पट्टिकाओं का वितरण भी कर रहे हैं। यह केवल योजना का लाभ उठाने वालों की नाम-पट्टिका नहीं है। यह प्रदेश के बिजली उत्पादकों की नाम पट्टिका भी है। वे न केवल अपनी जरूरतों की बिजली पैदा करेंगे अपितु अतिरिक्त बिजली का विक्रय कर बिजली विक्रेता भी बनेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2027 तक पांच लाख घरों को रौशन करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही सोलर पैनल सप्लाई, इंस्टालेशन और मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सौर ऊर्जा के अधिकाधिक इस्तेमाल से परंपरागत तरीकों से हो रहे उत्पादन पर आने वाला दबाव भी घटेगा तथा हम ग्रीन एनर्जी को अपनाने की दिशा में सतत बढ़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि शासकीय भवनों में एवं सार्वजनिक स्थलों में हम अधिकाधिक रूप से सौर ऊर्जा को अपनाएंगे। प्रदेश में डेढ़ लाख से अधिक कृषि पंपों के माध्यम से सिंचाई सुविधा किसानों को उपलब्ध करा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए भी सौर ऊर्जा का इस्तेमाल किया है।

स्वागत भाषण पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने दिया। उन्होंने कहा कि पॉवर कंपनी नई ऊर्जा के साथ काम कर रही है। ऐसे में नई नियुक्ति से उपभोक्ता सेवा के कार्य को और बेहतर किया जा सकेगा। कार्यक्रम अध्यक्ष सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पॉवर कंपनी में कैशलेस स्वास्थ्य योजना लागू की गई, वह काफी सराहनीय है। श्री अग्रवाल ने इसके लिए अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव को बधाई भी दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायकगण सर्वश्री पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, रोहित साहू उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष हेमंत वर्मा, पॉवर कंपनियों के प्रबंध निदेशकगण एसके कटियार, राजेश कुमार शुक्ला तथा भीमसिंह कंवर उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने किया। मंच संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र ने किया।

# खेती-किसानी को आधुनिक बनाना और किसानों की आमदनी बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता- मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि विकसित भारत बनाने में किसानों का महत्वपूर्ण योगदान है। खेती-किसानी को आधुनिक बनाने के साथ ही किसानों की आमदनी बढ़ाना छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों से धान की खेती के साथ-साथ आमदनी बढ़ाने के लिए मत्स्य पालन, पशुपालन एवं उद्यानिकी फसलों के उत्पादन से जुड़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री श्री साय राजधानी के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय कृषि मेले एवं प्रदर्शनी के शुभारंभ समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।**



मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनते ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिन पर हमने 13 लाख किसानों को धान के बकाया बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए अंतरित कर दी। हमने अपने वादे के अनुरूप 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान का मूल्य दिया और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की। पिछले साल 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और राज्य सरकार द्वारा घोषित उपार्जन मूल्य तथा दो साल का बकाया बोनस के माध्यम से किसानों के खाते में लगभग 49 हजार करोड़ रुपए अंतरित किए हैं। उन्होंने कहा कि चालू खरीफ मौसम में अच्छी फसल को देखते हुए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए राज्य में बेहतर से बेहतर व्यवस्था की जाएगी। इस वर्ष 14 नवम्बर से धान खरीदी का काम शुरू होगा। इस साल भी रिकार्ड धान खरीदी का अनुमान है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि खेती-किसानी में युवाओं को जोड़कर इसे आधुनिक खेती की ओर आगे बढ़ाने के लिए आज कृषि मेले एवं उन्नत कृषि उपकरणों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकों के विकास एवं इसे किसानों तक पहुंचाने की दिशा में भी इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण योगदान है। एग्रीकल्चर की पढ़ाई की सुविधा अधिकाधिक युवकों को मिले और प्रदेश की खेती और संवर सकें, इसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं।

कृषिमंत्री रामविचार नेताम बताया कि कृषि में स्वरोजगार के लिए उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ फसल चक्र परिवर्तन, कृषि उत्पाद की पैकेजिंग एवं मार्केटिंग के लिए विशेष प्रयास की आवश्यकता है। बृजमोहन अग्रवाल, सांसद रायपुर ने बताया कि हमारे मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री स्वयं कृषक हैं इसलिए छत्तीसगढ़ में कृषि के क्षेत्र में निरंतर उन्नति हो रही है। छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं के कारण वर्तमान में धान की खेती फायदे का सौदा है और फसल चक्र अपनाकर उद्यानिकी फसलों को शामिल कर कृषकों को आय बढ़ाने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में विधायक धरसींवा अनुज शर्मा, विधायक दुर्ग गजेन्द्र यादव सहित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, प्रबंध मण्डल के सदस्यगण, विमल चावड़ा, रामसुमन उइके एवं श्रीमती जानकी सत्यनारायण चन्द्रा उपस्थित थे।

उद्घाटन कार्यक्रम में 6 किसानों को मसूर की नई किस्म के मिनी किट प्रदान किए गए। एग्री कार्नीवाल में जॉब फेयर से चयनित 6 कृषि स्नातक विद्यार्थियों को भी विभिन्न कम्पनियों द्वारा ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कॉफी टेबलबुक ''अग्रसर'' सहित अन्य कृषक उपयोगी प्रकाशनों का अतिथियों द्वारा विमोचन भी किया गया। कृषि स्टार्टअप के युवा उद्यमियों को अनुदान राशि का चेक भी प्रदान किया गया। एग्री कार्नीवाल में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 4 हजार किसान भाई-बहनों एवं लगभग 1 हजार विद्यार्थियों ने प्रक्षेत्र भ्रमण एवं प्रदर्शनी द्वारा कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित चार दिवसीय एग्री कार्नीवाल-2024 ''राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी'' में दूसरे दिन 23 अक्टूबर को ''छत्तीसगढ़ से कृषि उत्पादों के निर्यात'' पर संगोष्ठी एवं ''आधुनिक पादप प्रजनन तकनीक एवं डाटा एनालिसिस'' पर कार्यशाला तथा ''जैव विविधता पर प्रदर्शनी'' एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। ''आधुनिक पादप प्रजनन तकनीक एवं डाटा एनालिसिस'' पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में ईस्ट अफ्रीका अंतर्राष्ट्रीय राइस ब्रीडिंग प्रोगाम के कार्यक्रम प्रमुख डॉ. एस.के. कटियार उपस्थित हैं। इसमें छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों के 211 वैज्ञानिकों एवं अनुसंधानकर्ताओं को मॉर्डन राइस ब्रीडिंग, स्पीड ब्रीडिंग, डेटा एनालिसिस पर जीवन्त प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे भविष्य की आवश्यकतानुसार नई फसलों, किस्मों का विकास संभव हो सकेगा। इस कार्यशाला में इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट, मनीला, फिलीपींस, घाना, ईस्ट अफ्रीका के अन्तर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा नवीन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## नई पीढ़ी को संस्कार और संस्कृति से जोड़ना महत्वपूर्ण कार्य : साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर के रोहिणीपुरम स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव 2024 का शुभारंभ करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को संस्कारवान् बनाने और भारतीय संस्कृति से जोड़ने में विद्या भारती द्वारा महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तीन दिवसीय संस्कृति महोत्सव में नई पीढ़ी के बच्चे अपने सांस्कृतिक गौरव से परिचित होंगे। साथ ही वे संस्कारवान् भी बनेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने नई शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन के लिए सरस्वती शिशु मंदिर रोहिणीपुरम में आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था के लिए 50 लाख रुपए की राशि स्वीकृति की घोषणा की।



मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि उनका सरस्वती शिशु मंदिर से बचपन से जुड़ाव रहा है। भारतीय संस्कृति के संवर्धन हेतु क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव का आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। नई शिक्षा नीति बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सहायक सिद्ध होगी और शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ को नई शिक्षा नीति लागू करने वाला पहला राज्य है। उन्होंने इस मौके पर खरोरा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सांस्कृतिक भवन के निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृति की मंजूरी दी।

कार्यक्रम को विद्या भारती के पदाधिकारी भालचंद्र रावले, प्रकाश ठाकुर और शशिकांत फड़के ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विधायक सर्वश्री मोतीलाल साहू और पुरन्दर मिश्रा, विद्या भारती के सचिव विवेक सक्सेना सहित वल्लभ लाहोटी, अन्य गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950